www.tamsasanket.com
वर्ष: 30 || अंक 319 || अम्बेडकरनगर
शनिवार
14 फरवरी 2026 || पृष्ठ: 08 || मूल्य: ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा

# दैनिक तमसा संकेत

https://epaper.tamsasanket.com
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदय: 06:44
सूर्यास्त: 05:56
अधिकतम: 26:00
न्यूनतम: 12:00



पेज 07

विशेष समाचार | बंगलादेश में बीएनपी... >>पेज 04 | आशुतोष महाराज कोर्ट से ... >>पेज 06 | 'अफवाहें खबर नहीं होती'...





"वाराणसी डीसीपी प्रमोद कुमार ने कहा पुलिस की साइबर टीम ईमेल की जांच कर रही है। यह पता करने की कोशिश है कि ईमेल किस स्थान से आया और किसने भेजा। लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहों से बचने की अपील की गई है।"



**18** जिलों की कचहरियों को उत्तर प्रदेश में लखनऊ समेत ई-मेल से बम से उड़ाने की धमकी दी गई। जुमे की नमाज के बाद धमाके की चेतावनी मिलते ही कचहरी खाली कराई गई। छानबीन में कुछ नहीं मिला। पुलिस, एसटीएफ और साइबर टीम आरोपी की तलाश में जुटी हैं।

# लखनऊ काशी समेत पांच कोर्ट को उड़ाने की धमकी

## कैंपस को खाली कराया, जज भी बाहर आए, एटीएस-एसटीएफ जांच के लिए पहुंची

**हाई अलर्ट**

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी । लखनऊ, वाराणसी, अयोध्या, मेरठ और मिर्जापुर कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सभी जगहों पर धमकी का ईमेल सरकारी मेल पर आया। इसका पता लगते ही हड़कंप मच गया। फिलहाल, पांचों कोर्ट परिसरों को पुलिस ने खाली करा दिया है।

कोर्ट की कार्रवाई को फिलहाल रोक दिया गया है। काशी में 3 हजार से अधिक वकील और 5 हजार वादकारियों ने आनन-फानन में कोर्ट छोड़ दिया। जिला जज भी कैंपस से बाहर आ गए। पुलिस, डॉग स्क्वॉड और बम स्क्वॉड की टीमें कोर्ट के एक-एक कोने की जांच कर रही हैं। हालांकि, अभी तक कहीं भी कुछ नहीं मिला है।

पुलिस के मुताबिक, ज्यादातर मेल का पैटर्न एक जैसा है। हालांकि, मेल किसने भेजा और कहां से आया, इसका पता अब तक नहीं चल पाया है। पुलिस जांच कर रही है कि एक साथ मेल क्यों भेजे गए। क्या इसके पीछे कोई साजिश है। सूत्रों के मुताबिक, पूरे मामले पर लखनऊ के बड़े अफसर नजर रख रहे हैं। साइबर सेल और सुरक्षा एजेंसियां भी जांच में जुट गई हैं। वाराणसी कोर्ट में 23 नवंबर 2007 को बम विस्फोट हुआ था। इसमें 3 वकीलों समेत 9 लोगों की मौत हुई थी, जबकि 50 लोग घायल हुए थे।

>> (शेष पेज 06 पर)





### एक साथ कई जिलों में भेजा गया था ईमेल

छानबीन में सामने आया है कि एक साथ 18 जिलों में ई-मेल भेजा गया था। धमकी भरा मेसेज आने के बाद शासन प्रशासन अलर्ट हो गया। खुफिया एजेंसियां यह पता लगा रही हैं कि किसने और कहां से ईमेल भेजा था। बताया जा रहा है कि एसटीएफ को भी सक्रिय कर दिया गया है। सर्विलांस और साइबर की टीम मामले की छानबीन कर रही है। डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव का कहना है कि केस दर्ज कर मामले की पड़ताल की जा रही है।

### परिसर में सभी काम रोके गए

अयोध्या बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह ने कहा कि परिसर में सभी काम रोक दिए गए हैं। न्यायालय में जो सुनवाई होनी थी, उसमें तारीख लगाने की अपील की गई है। बाकी काम सोमवार से स्थिति सामान्य होने के बाद होंगे।

### लखनऊ जिला कोर्ट को भी ईमेल से मिली धमकी

बनारस कचहरी के बाद लखनऊ कोर्ट परिसर में बम रखे होने की सूचना मिलने से शुक्रवार को अफरा-तफरी मच गई। ई-मेल के जरिए मिली धमकी के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आया। डीसीपी पश्चिम के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। एहतियातन कोर्ट परिसर की घेराबंदी कर जांच शुरू की गई। बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड की टीमें पूरे परिसर की जांच में जुटी हुई हैं। कोर्ट परिसर के भीतर और बाहर आने-जाने वाले सभी रास्तों पर कड़ी निगरानी रखी गई है। संदिग्ध वस्तुओं की बारीकी से जांच की जा रही है।



### कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली

एडिशनल सीपी शिवहरी मीणा ने बताया- वाराणसी कचहरी को बम से उड़ाने की धमकी के बाद जांच जारी थी। लगभग तीन घंटे तलाशी के बाद पूरी कचहरी का कोना-कोना खंगाला गया। तलाशी पूरी हो गई, कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। मेल और अन्य गतिविधियों की जांच कराई जा रही है।

- वाराणसी में बम विस्फोट की धमकी के बाद जिला जज संजीव शुक्ला भी कचहरी परिसर से पैदल ही बाहर निकल आए।
- अयोध्या में बम रखे जाने की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड में आ गईं। एहतियातन पूरे कचहरी परिसर को तुरंत खाली कराया गया।
- मिर्जापुर में वकील कैंपस से बाहर आ गए हैं। संदिग्ध वस्तुओं और व्यक्तियों की जांच की जा रही है।
- लखनऊ कोर्ट में भी पुलिस ने सर्चिंग अभियान चलाया।

# यूपी में फिर चली तबादला एक्सप्रेस

## आईपीएस अधिकारियों का किया गया तबादला

**फेरबदल**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में तबादलों का सिलसिला जारी है। आईएएस से लेकर आईपीएस अधिकारियों को बड़ी-बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। इसी क्रम में IPS अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार को दो आईपीएस अधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंप दी गई है। सीनियर आईपीएस नीलाब्जा चौधरी को एडीजी सीआईडी की जगह दूसरी बड़ी नई जिम्मेदारी सौंप दी गई है।





■ आईपीएस नीलाब्जा चौधरी और आशुतोष कुमार को नई जिम्मेदारी

तबादलों के क्रम में आईपीएस अधिकारी नीलाब्जा चौधरी को अपर पुलिस महानिदेशक यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नत बोर्ड लखनऊ की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

>> (शेष पेज 06 पर)

# लोकसभा में 'हरदीप पुरी इस्तीफा दो' के लगे नारे

## संसद की कार्यवाही 9 मार्च तक स्थगित

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । बजट सत्र के 13वें दिन लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही पूरे दिन नहीं चल पाईं। लोकसभा की कार्यवाही करीब 10 मिनट ही चल पाई। वहीं, राज्यसभा की कार्यवाही दो घंटे तक चल पाई। अब दोनों सदनों की कार्यवाही 9 मार्च से शुरू होगी।

शुक्रवार को सुबह 11 बजे सदन शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने 'हरदीप पुरी इस्तीफा दो' के नारे लगाने शुरू कर दिए। इसके 5 मिनट बाद ही सदन स्थगित कर दी गई। 12 बजे सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई। इस बार हंगामे के बीच एजुकेशन और कानून मंत्रालय से जुड़े कुछ बिल पेश किए। इसके बाद चेयर पर मौजूद संध्या राय ने लोकसभा 9 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी। संसद का बजट सत्र दो चरण में हो रहा है।



■ बीजेपी बोली- राहुल सत्ता पाने को देश का बंटवारा चाहते थे

>> (शेष पेज 06 पर)

**फास्ट न्यूज**

### महामंडलेश्वर उत्तम स्वामी पर रेप के आरोप

भोपाल । श्री पंच अग्नि अखाडे. के महामंडलेश्वर और कथावाचक उत्तम स्वामी पर राजस्थान निवासी एक युवती ने दुष्कर्म करने के आरोप लगाए हैं। युवती ने 12 फरवरी को दिल्ली पुलिस कमिश्नर को ई-मेल भेजकर सुरक्षा की मांग भी की है।

**मुलाकात | बैठक**

### किसान संगठनों के नेताओं से मिले राहुल

नई दिल्ली । कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को संसद भवन परिसर में देशभर के किसान संगठनों के नेताओं से मुलाकात की। इस बैठक में भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन शुरू करने और किसानों व खेत मजदूरों की रोजी-रोटी बचाने की जरूरत पर बात हुई। किसान नेताओं ने इस व्यापार समझौते का विरोध किया। उनका कहना था कि समझौते से मक्का, सोयाबीन, कपास, फल और मेवे उगाने वाले किसानों की रोजी-रोटी पर असर पड़ेगा। कांग्रेस के अनुसार, राहुल गांधी ने कहा कि इस समझौते से कृषि उत्पादों के आयात का रास्ता खुल गया है।

### तमिलनाडु- एक्टर विजय की रैली में समर्थक की मौत

चेन्नई । तमिलनाडु के सलेम में तमिलगा वेत्री कझगम (TVK) चीफ विजय की रैली में शुक्रवार को 37 साल के एक समर्थक की हीटस्ट्रोक के कारण मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि महाराष्ट्र का रहने वाला सूरज TVK चीफ विजय से मिलने गया था। वह रैली के दौरान सीने में दर्द की शिकायत के बाद गिर पड़ा।

# प्रधानमंत्री कार्यालय की नई इमारत 'सेवा तीर्थ' का उद्घाटन

## गुलामी की मानसिकता से निकलना जरूरी :पीएम

**बदलाव**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री कार्यालय का पता आज से बदल गया है। नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नए पीएम ऑफिस सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन 1 व 2 का उद्घाटन किया। पीएम ऑफिस अब तक साउथ ब्लॉक में था। पीएम मोदी ने कहा कि नॉर्थ ब्लॉक और साउथ ब्लॉक की इमारतें ब्रिटिश शासन की हुकूमत की प्रतीक थीं। ये भवन ब्रिटेन के महाराज की सोच को गुलाम भारत की जमीन पर उतारने का माध्यम था। हमें गुलामी की इस मानसिकता से बाहर निकलना जरूरी था।

पीएम ने कहा- दिल्ली की इमारतों में ऐतिहासिक स्थलों पर गुलामी के चिन्ह भरे पड़े हैं। आजाद भारत में जो सैनिक शहीद हुए, यहां उनके लिए कोई स्मारक नहीं था। 2014 में देश ने तय किया कि गुलामी की मानसिकता और नहीं चलेगी। हमारे इन फैसलों के पीछे हमारी सेवा भावना है।



■ नॉर्थ-साउथ ब्लॉक ब्रिटिश हुकूमत का प्रतीक - पीएम

>> (शेष पेज 06 पर)

## अविमुक्तेश्वरानंद विवाद : योगी बोले-सपा के लोग पूजना चाहें तो पूजें

# 'हर व्यक्ति शंकराचार्य नहीं'

**चर्चा**

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, लखनऊ। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद विवाद पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को विधानसभा में बात रखी। योगी ने कहा- हर व्यक्ति शंकराचार्य नहीं लिख सकता। कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। मैं भी नहीं। मेरा मानना है कि भारत के हर व्यक्ति को कानून को मानना चाहिए। अगर सपा के लोग उसे पूजना चाहते हैं तो पूजें।

सीएम ने कहा- माघ मेले में जो मुद्दा नहीं था, उसे जानबूझकर मुद्दा बनाया गया। क्या हर व्यक्ति मुख्यमंत्री बनकर पूरे प्रदेश में घूम जाएगा? क्या कोई मंत्री का बोर्ड लगाकर घूम जाएगा?

>> (शेष पेज 06 पर)

**18 जनवरी को प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य से पुलिस की झड़प हुई थी। सीएम योगी आज, पहली बार विवाद पर बोले।**

### 'मेरे लिए भी वही कानून है, जो किसी आम व्यक्ति के लिए'

योगी ने कहा- भारत के सनातन धर्म में भी यही व्यवस्था है। सनातन धर्म में शंकराचार्य का पद सर्वोच्च और पवित्र माना जाता है। सदन की व्यवस्था देखिए, यहां भी परंपरा है। सदन नियम से संचालित होता है। माघ मेले में मौनी अमावस्या पर साढ़े 4 करोड़ लोग आए थे। सबके लिए एक व्यवस्था बनाई गई। कानून सबके लिए बराबर होता है। मेरे लिए भी वही कानून है, जो किसी आम व्यक्ति के लिए है। कोई व्यक्ति कानून से ऊपर नहीं हो सकता। मेरा यह मानना है कि भारत के हर व्यक्ति को कानून मानना चाहिए।

योगी ने कहा- हर व्यक्ति शंकराचार्य नहीं लिख सकता। हर व्यक्ति आचार्य के रूप में जहां-तहां जाकर माहौल खराब नहीं कर सकता।

>> (शेष पेज 06 पर)



**कोई भी कानून से ऊपर नहीं, मैं भी नहीं : सीएम योगी**


**वारदात :** बाराबंकी में कार पर 15 से ज्यादा गोलियां बरसाईं, बाइक से आए थे हमलावर

# मुख्तार के शूटर शोएब की दिनदहाड़े हत्या

तमसा संकेत, एजेंसी

बाराबंकी । बाराबंकी में माफिया मुख्तार अंसारी के शूटर शोएब किदवई उर्फ बॉबी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह 50 साल का था। वारदात शुक्रवार दोपहर डेढ़ बजे हुई, जब वह कार से लखनऊ से बाराबंकी जा रहा था।

हाईवे से 100 मीटर आगे बढ़ते ही दो बाइक सवार बदमाश आ गए। जब तक शोएब कुछ समझ पाता, उसकी कार पर पिस्टल से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, शोएब पर 15 से ज्यादा गोलियां चलाई गईं। वारदात के बाद हमलावर अयोध्या की तरफ फरार हो गए।



■ शोएब पर बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग की। 15 से ज्यादा गोलियां चलाई गईं। शोएब खुद कार ड्राइवर कर रहा था, तभी उस पर हमला हुआ।

सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल पहुंची और शोएब को अस्पताल ले आई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वारदात कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ–अयोध्या हाईवे पर असेनी मोड़ के पास हुई। कार पर जगह-जगह बुलेट के निशान हैं। पुलिस ने घटनास्थल को सील कर दिया है। फॉरेंसिक टीम मौके से साक्ष्य जुटाया है। हत्याकांड की सूचना पर IG प्रवीण कुमार, डीएम और एसपी मौके पर पहुंचे। बॉबी पर हत्या, रंगदारी और गैंगवार से जुड़े कई मुकदमे दर्ज थे।

>> (शेष पेज 06 पर)



### शोएब का एक भाई इंग्लैंड में रहता है

शोएब का बाराबंकी में सिविल लाइन में मकान है। वह तीन भाईयों में दूसरे नंबर का था। परिवार में पत्नी शाजिया खान और 15 साल का बेटा अरमान किदवई है। अरमान लखनऊ के एक स्कूल में 9वीं क्लास का स्टूडेंट है। उसकी ससुराल लखनऊ के मलिहाबाद में है और गोमती नगर में भी एक मकान है। बड़े भाई जावेद बाराबंकी में वकील हैं। छोटा भाई सोहेल किदवई इंग्लैंड में रहता है। एक बहन है, जिसकी शादी हो चुकी है। शोएब शूटर होने के साथ वकालत भी करता था। राजनीति में भी सक्रिय था। वह बाराबंकी के बंकी ब्लॉक के ब्लॉक प्रमुख का निर्दलीय चुनाव लड़ चुका था। लेकिन हार गया था। मुख्तार गैंग के लिए जमीन कब्जाने, ठेकेदारी में दखल देने और विरोधियों को ठिकाने लगाने में उसकी अहम भूमिका रहती थी।

# बांग्लादेश में 20 साल बाद बीएनपी की जीत

## तारिक रहमान का पीएम बनना तय

**नतीजा**

तमसा संकेत, एजेंसी

ढाका । बांग्लादेश में गुरुवार को हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (BNP) ने बड़ी जीत दर्ज की है। BNP ने 299 सीटों में से 209 हासिल कर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया। अब तक 286 सीटों के नतीजे घोषित हो चुके हैं।

जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन को अब तक 70 सीटें मिली हैं। जमात प्रमुख शफीकुर रहमान ने ढाका-15 सीट से जीत दर्ज की है। देश में करीब 20 साल बाद BNP की सरकार बनी है। 2008 से 2024 तक वहां शेख हसीना की आवामी लीग सत्ता में थी। इस जीत के साथ पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे और BNP अध्यक्ष तारिक रहमान का प्रधानमंत्री बनना लगभग तय माना जा रहा है।



■ देश को 35 साल बाद मिलेगा पुरुष प्रधानमंत्री

>> (शेष पेज 06 पर)

# यह ट्रेड डील नहीं, थ्रेट डील है : संजय सिंह

## समझौते की प्रतियां जलाकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपेगी आम आदमी पार्टी

**आरोप**

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुए कथित ट्रेड डील को देश की संप्रभुता, किसानों, छोटे व्यापारियों और आम नागरिकों के हितों पर सीधा हमला बताते हुए आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आवाह्न पर आम आदमी पार्टी 14 फरवरी को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर समझौते की प्रतियां जलाकर जबरदस्त विरोध प्रदर्शन करेगी तथा महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपेगी। संजय सिंह ने आरोप लगाया है कि यह समझौता भारतीय कृषि बाजार को अमेरिकी हितों के लिए खोलने, रूस से सस्ता तेल खरीद बंद कराने, व्यापारिक असमानता थोपने और देश के स्वाभिमान को गिरवी रखने की साजिश है, जिसे तत्काल रद्द किया जाना चाहिए। आप सांसद ने कहा कि सरकार ने रूस जैसे पुराने मित्र से सस्ता तेल खरीदने के बजाय अमेरिका और वेनेजुएला से 80,000 करोड़ महंगा तेल खरीदने का फैसला किया है। इस भारी खर्च का खामियाजा आम जनता को भुगतना होगा। आखिर किसकी जेब भरने के लिए यह सौदा किया गया? अगर भारत रूस से तेल खरीदेगा तो अमेरिका 25% टैक्स लगा देगा। क्या यह देश की संप्रभुता से समझौता नहीं है? क्या हम चोर हैं? क्या हम बेईमान हैं जो अमेरिका हमारे ऊपर निगरानी रखेगा? अमेरिका के कहने पर हमने अपने पुराने दोस्त रूस का साथ छोड़ दिया और बदले में हमारे व्यापारियों को क्या मिला?




मोदी सरकार ने किसानों के डेथ वारंट पर साइन किया है: संजय सिंह

**हम लोग बर्दाश्त नहीं करेंगे**

संजय सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत का कृषि बाज़ार अमेरिकी किसानों के लिए खोलकर देश के किसानों के डेथ वारंट पर साइन किया है, इसको हम लोग बर्दाश्त नहीं करेंगे! यह ट्रेड डील नहीं, थ्रेट डील है। नई ट्रेड डील के तहत भारतीय उत्पादों पर अमेरिका 18 प्रतिशत टैक्स लगाएगा जबकि अमेरिकी कृषि उत्पादों को भारत में टैक्स फ्री एंट्री देकर देश के करोड़ों किसानों के साथ अन्याय किया गया है। मोदी सरकार ने अमेरिकी दबाव में आकर भारतीय किसानों के डेथ वारंट पर साइन कर दिए हैं। क्या सरकार बताएगी कि देश का स्वाभिमान अमेरिका के पास क्यों गिरवी रखा जा रहा है? सरकार अपने निजी हितों और अडानी-अंबानी को बचाने के लिए देश के किसानों और स्वाभिमान को अमेरिका के हाथों गिरवी रख रही है! देश के अन्नदाता के हितों का सौदा कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

संजय सिंह ने कहा कि इस ट्रेड डील के पर्दे के पीछे बहुत सारे खेल चल रहे हैं। कल तक ट्रंप को दुनिया का सबसे बेकार आदमी कहने वाली मीडिया आज उनकी भाषा क्यों बोल रही है? आखिर 'अज्ञात' शर्तों के नाम पर क्या छिपाया जा रहा है? राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने ऑयल रिफाइनरीज को आदेश दिया है कि वह अब रूस से नहीं अमेरिका से तेल खरीदें। यह आदेश अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की धमकियों के बाद आया है। आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल पूछ रहा है कि आखिर Trump होता कौन है, जो यह बताए कि भारत किससे क्या खरीदेगा? वहीं मोदी जी की ऐसी क्या मजबूरी है जो ट्रंप की हर बात मान रहे हैं?

- मोदी ट्रंप ट्रेड डील के विरोध में आम आदमी पार्टी प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर कल करेगी जबरदस्त विरोध प्रदर्शन
- मोदी ट्रंप ट्रेड डील से देश का स्वाभिमान अमेरिका के पास गिरवी रखा जा रहा है?: संजय सिंह

# राजधानी में 6 लोगों को रौंदने वाला छात्र गिरफ्तार

## गर्लफ्रेंड के साथ पार्टी से लौट रहा था

मतसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में कार से 6 लोगों को रौंदने वाला 12वीं का स्टूडेंट गौरव सिंह गिरफ्तार हो गया है। इस हिट एंड रन घटना का CCTV फुटेज भी सामने आया है। इसमें आरोपी गौरव तेज रफ्तार में कार चलाता हुआ दिख रहा है। बताया जा रहा है कि कार में उसकी गर्लफ्रेंड भी थी। दोनों किसी फेयरवेल पार्टी से लौट रहे थे।

कार से कुचलकर नानी के साथ मार्केट गए 6 साल के बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 5 लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है। जान गंवाने वाला बच्चा दीक्षांत उन्नाव का रहने वाला है। वह ननिहाल में मां साधना के साथ रहता था। केंद्रीय विद्यालय में पढ़ता था। हादसा गुरुवार शाम करीब 7 बजे बंथरा इलाके के कानपुर रोड स्थित हनुमान मंदिर के पास हुआ।


दीक्षांत, मृतक — गौरव सिंह, आरोपी

इसका CCTV शुक्रवार को सामने आया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि कार रुकते ही लड़की उतर गई, जबकि छात्र कार लेकर भाग निकला। वहीं, सूचना पर अस्पताल पहुंची मां अपने बेटे के शव से कफन हटाते ही चीख पड़ी। एसीपी कृष्णा नगर रजनीश वर्मा के मुताबिक, पुलिस ने कार को ट्रेस कर आरोपी छात्र गौरव सिंह को गिरफ्तार किया। उसकी डिजायर कार भी जब्त कर ली है। डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल ने बताया- हादसे के समय कार में गौरव सिंह की क्लासमेट भी मौजूद थी, जो दुर्घटना के बाद वहीं उतर गई।

**फास्ट न्यूज**

### मनरेगा बचाने के लिए 20 किमी पैदल मार्च

दुबग्गा । लखनऊ में कांग्रेस ने काकोरी शहीद स्मारक की ऐतिहासिक धरती पर 'मनरेगा बचाओ संग्राम' के तहत एक पदयात्रा निकाली। इस दौरान केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए गए और मनरेगा को कमजोर करने का आरोप लगाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शहीदों को माल्यार्पण के साथ हुई। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने मनरेगा के समर्थन में नारे लगाए और सरकार की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया।

### चाइनीज मांझे से युवक का गला कटा

लखनऊ । लखनऊ में चाइनीज मांझे से फिर एक युवक का गला कट गया। बाइक से जा रहे के युवक के गले में अचानक मांझा फंसा, जिससे गले में गहरा घाव हो गया और वह सड़क पर गिर गए। करीब 15 मिनट तक तड़पता रहे। इसके बाद राहगीरों ने उन्हें सिविल अस्पताल में भर्ती कराया।

युवक की पहचान ध्रुव नारायण पांडे के रूप में हुई है। सिविल अस्पताल की इमरजेंसी में घायल युवक का इलाज चल रहा है। निदेशक कजली गुप्ता ने बताया कि ब्लीडिंग रोकने के लिए घाव पर 7 टांके लगाए गए हैं। मरीज की हालत स्थिर है, लेकिन डॉक्टर निगरानी कर रहे हैं।

### लखनऊ कोर्ट परिसर में बम की सूचना

लखनऊ। बनारस कचहरी के बाद लखनऊ कोर्ट परिसर में बम रखे होने की सूचना मिलने के बाद शुक्रवार को अफरा-तफरी मच गई। ई-मेल के जरिए मिली धमकी के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आया और पूरे परिसर की सघन तलाशी की। करीब 4 घंटे तक बम निरोधक दस्ते की 2 टीमें और पुलिसकर्मियों ने सर्च ऑपरेशन चलाया। डीसीपी पश्चिम के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई।

## बजट सत्र के दौरान उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से छात्राओं की भेंट

### कार्यालय कक्ष के बाहर संवाद व स्मृति चित्र



तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा, लखनऊ में आयोजित बजट सत्र के दौरान लोरेटो कॉन्वेंट इंटरमीडिएट कॉलेज, लखनऊ की कक्षा 11 की छात्राओं ने दर्शक दीर्घा में उपस्थित होकर 11, 12 एवं 13 फरवरी, को सदन की कार्यवाही का अवलोकन किया।

इस भ्रमण के अंतर्गत छात्राओं ने न केवल बजट प्रस्तुति की विधि एवं प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखा, बल्कि इस दौरान होने वाली चर्चाओं और जनहित से जुड़े मुद्दों पर सदन में होने वाले विचार-विमर्श को भी समझा। छात्राओं के लिए यह अनुभव अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा। इससे उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया, विधायी कार्यप्रणाली एवं जनप्रतिनिधियों की भूमिका के प्रति गहन समझ विकसित करने का अवसर प्राप्त हुआ। विधान सभा की कार्यवाही का अवलोकन कर बाहर आयी छात्राओं ने विधान भवन मे उप मुख्यमन्त्री कार्यालय कक्ष के बाहर उपमुख्य-मंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य से छात्राओं भेंट हुयी। उन्होंने छात्राओं से वार्ता करते हुये उनके भ्रमण के अनुभव को साझा किया व उन्हें लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी तथा उनके साथ स्मृति चित्र भी खिंचवाए।

## राष्ट्रीय छात्र आह्वान के समर्थन में निकले छात्रों पर पुलिस का बल प्रयोग

# एलयू में रोका गया समता संवर्धन मार्च

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उच्च शिक्षा में लागू करने योग्य और प्रभावी समानता तंत्र को मजबूत करने के लिए दिए गए राष्ट्रीय छात्र आह्वान के समर्थन में, लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों ने 13 फरवरी 2026 को "समता संवर्धन मार्च" आयोजित किया। यह मार्च विश्वविद्यालय के गेट नंबर 3 से शुरू होकर गेट नंबर 1 तक जाने वाला था। मार्च स्पष्ट और संरचनात्मक मांगों के साथ आयोजित किया गया था। छात्रों ने उच्च शिक्षण संस्थानों में जाति आधारित भेदभाव को एक अलग और कानूनी रूप से कार्रवाई योग्य संस्थागत उल्लंघन के रूप में मान्यता देने की मांग की। उन्होंने पूर्णतः स्वायत्त और प्रशासन से स्वतंत्र समान अवसर एवं भेदभाव निरोधक निकायों की स्थापना की मांग की। साथ ही राज्य स्तर पर एक स्वतंत्र "उच्च शिक्षा सामाजिक न्याय आयोग" बनाने की मांग की गई, जिसे जांच, निगरानी और बाध्यकारी सिफारिशें देने की शक्ति हो। छात्रों ने सभी शिकायत निवारण तंत्रों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी, अल्पसंख्यक समुदायों, महिलाओं, जेंडर विविध व्यक्तियों और विकलांग व्यक्तियों की निर्णायक भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने समयबद्ध शिकायत प्रक्रिया, विश्वविद्यालय प्रशासन से बाहर स्वतंत्र अपील व्यवस्था, शिकायतकर्ताओं को प्रताड़ना से कानूनी सुरक्षा, फेलोशिप में देरी और पक्षपातपूर्ण मूल्यांकन के लिए संस्थागत जवाबदेही, हर वर्ष भेदभाव से संबंधित आंकड़ों की सार्वजनिक रिपोर्ट तथा समय-समय पर स्वतंत्र सामाजिक समानता ऑडिट की भी मांग की। छात्रों ने यह भी बताया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा स्वीकार किए गए आंकड़ों के अनुसार पिछले पाँच वर्षों में उच्च शिक्षण संस्थानों में भेदभाव और उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों में लगभग 118 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। छात्रों का कहना था कि शिकायतों में इतनी वृद्धि यह साबित करती है कि मौजूदा व्यवस्था पर्याप्त नहीं है और मजबूत, स्वतंत्र तथा लागू करने योग्य तंत्र की आवश्यकता है।



ज्ञापन लेने नहीं पहुंचा प्रशासन

> छात्रों ने कहा कि यह कार्रवाई उन पहले के प्रदर्शनों से स्पष्ट रूप से अलग थी, जो समानता सुरक्षा और रोहित एक्ट की मांग के विरोध में आयोजित किए गए थे, जहां ऐसी पुलिस तैनाती या बल प्रयोग नहीं देखा गया था। छात्रों ने इसे चयनात्मक कार्रवाई और लोकतांत्रिक अधिकारों के दमन के रूप में देखा।

**पूरे मार्ग पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया**

मार्च से पूर्व प्रशासन को लिखित सूचना दी गई थी कि यह शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक मार्च होगा। इसके बावजूद पूरे मार्ग पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। बैरिकेड लगाकर छात्रों को आगे बढ़ने से रोका गया। मार्च को बीच में ही रोक दिया गया और कई छात्र नेताओं को बलपूर्वक हिरासत में लिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शांतिपूर्ण मार्च कर रहे छात्र प्रतिनिधियों को खींचते हुए ले जाया गया। इसके अतिरिक्त, पूर्व सूचना के बावजूद जिला प्रशासन ज्ञापन लेने के लिए उपस्थित नहीं हुआ। छात्रों ने इसे लोकतांत्रिक संवाद से प्रशासनिक दूरी और छात्रों की आवाज़ की अनदेखी बताया।

## किसानों को मिलेंगे उन्नत किस्म के केले के पौधे, बढ़ेगी आय और खुशहाली

# कुशीनगर में स्थापित होगी केले की टिशू कल्चर लैब

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कृषि और बागवानी को बढ़ावा देने के क्रम में जनपद कुशीनगर के कसया स्थित राजकीय आलू फार्म पर 'केला टिशू कल्चर लैब' की स्थापना की जा रही है। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि इस परियोजना के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु कुल 401.75 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है, जिसमें से 223.54 लाख रुपये निर्माण कार्य और 178.21 लाख रुपये मशीनरी व उपकरणों के लिए आवंटित किए गए हैं।

इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य जनपद कुशीनगर में केले की खेती को वैज्ञानिक पद्धति से जोड़ना है।



> इस लैब की स्थापना से क्षेत्र के केला उत्पादक किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले रोगमुक्त पौधे स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेंगे, जिससे उनकी उत्पादन लागत में कमी आएगी और आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी।

कृषि मंत्री ने जानकारी दी कि वर्तमान में किसानों को उन्नत टिशू कल्चर पौधों के लिए अन्य राज्यों या दूरस्थ क्षेत्रों पर निर्भर रहना पड़ता था, जिससे परिवहन के दौरान पौधों के खराब होने का डर और अधिक व्यय होता था। अब स्थानीय स्तर पर लैब स्थापित होने से किसानों को समय पर स्वस्थ और अधिक उपज देने वाली प्रजातियों के पौधे प्राप्त होंगे। यह लैब न केवल केले की गुणवत्ता में सुधार करेगी, बल्कि निर्यात योग्य फसल तैयार करने में भी सहायक सिद्ध होगी, जिससे 'एक जनपद एक उत्पाद' (ओडीओपी) अभियान को भी नई गति मिलेगी। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि यह लैब तकनीकी हस्तांतरण का केंद्र बनेगी, जहां किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियों का प्रशिक्षण भी दिया जा सकेगा। लैब के माध्यम से तैयार पौधे कीट और रोगों के प्रति सहनशील होंगे, जिससे कीटनाशकों पर होने वाला खर्च कम होगा और किसानों की शुद्ध आय में वृद्धि होगी।

**70.86 लाख रुपये की व्यवस्था की गई**

परियोजना के अंतर्गत निर्माण कार्यों की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड (UPRNSS) को सौंपी गई है। कुशीनगर के कसया में ही सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (COE) पोटैटो के अतिरिक्त घटकों के लिए भी 70.86 लाख रुपये की व्यवस्था की गई है। इस प्रकार कुल 472.61 लाख रुपये की संयुक्त वित्तीय स्वीकृति की प्रक्रिया गतिमान है। इन सुविधाओं के विकसित होने से कुशीनगर और आसपास के जनपदों के हजारों किसान सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे।

# दिव्यांगजन रोजगार अभियान 2.0 की अवधि बढ़ी

## योगी सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण और आत्मनिर्भरता के लिए प्रतिबद्ध

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन निदेशालय, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग द्वारा संचालित "दिव्यांगजन रोजगार अभियान 2.0" की तिथि को विस्तारित किया गया है। उन्होंने बताया कि यह अभियान, जो 06 से 13 फरवरी 2026 के मध्य संचालित किया जा रहा था, अब 18 फरवरी 2026 तक प्रभावी रहेगा।

### यूजीसी के नए नियमों के समर्थन में छात्रों का हंगामा

लखनऊ । लखनऊ विश्वविद्यालय में UGC के समर्थन में शुक्रवार को विभिन्न छात्र संगठनों ने जोरदार हंगामा किया। छात्रों की कोशिश 'समता संवर्धन मार्च' निकालने की थी। वो मार्च निकालते कि इससे पहले ही पुलिस ने RRF के साथ मिलकर छात्रों को घेर लिया। इस दौरान छात्र जमीन पर बैठ गए। पुलिस ने सबको सड़क पर घसीट-घसीटकर गाड़ी में डाल दिया। इस दौरान एक छात्र ऐसा भी था जिसे पुलिस गाड़ी के अंदर डाल रही थी लेकिन वह चिल्ला रहा था- 'मैं धरने में नहीं हूं। मैं धरना नहीं कर रहा हूं।'

## कांग्रेस ने अनुज यादव को सौंपी विधि विभाग की प्रदेश कमान

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ/प्रयागराज। विधानसभा चुनाव 2027 के मद्देनजर संगठन की मजबूती पर जोर देने पर जुटी कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रभारी अविनाश पाण्डेय एवं प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की लखनऊ में चल रही मैराथन बैठकों के बीच हाइकोर्ट के अधिवक्ता व इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रनेता अनुज यादव को कांग्रेस विधि विभाग का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। नियुक्ति पत्र जारी करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय एवं विधि विभाग के चेयरमैन अली आसिफ ज़मा रिज़वी ने संगठन को सुदृढ़ बनाने की अपेक्षा की है। अनुज यादव हाइकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष हीरा लाल यादव के पुत्र है और उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व राज्यपाल राम नरेश यादव के पारिवारिक सदस्य है। अनुज यादव को विधि विभाग का प्रदेश सचिव बनाये जाने पर अधिवक्ताओं व कांग्रेसियों में खुशी की लहर है।




**बढ़ोत्तरी : 426 करोड़ बजट बढ़ा, 16 हजार सैलरी मिलेगी, सरकार ने इस बार बजट में 426 करोड़ का इजाफा किया**

# यूपी में 20 हजार पदों पर आउटसोर्स भर्तियां होंगी

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, लखनऊ। यूपी की योगी सरकार ने चुनाव से पहले आउटसोर्स से 20 हजार से ज्यादा पद भरने की तैयारी कर ली है। इसके संकेत इस विभाग के बढ़ाए गए बजट से मिले हैं। सरकार ने इस बार बजट में 426 करोड़ का इजाफा करते हुए 2223.84 करोड़ रुपए जारी किए हैं। आउटसोर्स से भर्ती होने वाले आवेदकों को आरक्षण के साथ ही सरकारी कर्मचारियों को मिलने वाली ज्यादातर सुविधाएं मिलेंगी। न्यूनतम 16 हजार रुपए बतौर मानदेय मिलेंगे।

11 फरवरी को यूपी का बजट पेश करते वित्तमंत्री सुरेश खन्ना। इस दौरान सीएम योगी भी मौजूद रहे।



11 फरवरी को यूपी का बजट पेश करते वित्तमंत्री सुरेश खन्ना। इस दौरान सीएम योगी भी मौजूद रहे।

प्रदेश में लाखों आउटसोर्स कर्मचारी विभिन्न विभागों में काम कर रहे हैं। अभी उनकी नियुक्तियां ठेके पर अलग-अलग एजेंसियां कर रही थीं। उनका जमकर शोषण हो रहा था। उन्हें न तो समय पर वेतन मिल पाता था और न ही तय मानदेय दिया जाता था। अन्य शासकीय कर्मियों की तरह किसी तरह की सुविधा के पात्र भी वे नहीं थे। सरकार ने आउटसोर्स कर्मियों की इन समस्याओं को देखते हुए पिछले दिनों यूपी आउटसोर्स सेवा निगम (UPCOS) बनाया।

अब प्रदेश में आउटसोर्स निगम के जरिए ही आउटसोर्स के सभी रिक्त पदों की भर्तियां पारदर्शी तरीके से होंगी। इन कर्मचारियों को कई नई सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST), अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग (EWS) को आरक्षण का प्रावधान किया गया है।

**आउटसोर्स निगम के बजट में बड़ी वृद्धि**

बजट आंकड़ों से साफ दिखता है कि आउटसोर्स भर्ती और संबंधित व्यवस्थाओं पर खर्च में लगातार वृद्धि हो रही है। इसे देखते हुए ही इस बार सरकार ने इस निगम के बजट में 426 करोड़ रुपए से अधिक की बढ़ोतरी की है। निगम सूत्रों के मुताबिक, इस बजट से कम से कम 20 हजार पदों पर आउटसोर्स से लोगों को रखा जा सकता है। 8 साल में आउटसोर्स निगम के बजट में 3 गुना से अधिक की बढ़ोतरी भी इसी ओर संकेत दे रही। ये आंकड़े बताते हैं कि सरकार आउटसोर्स कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने और उनकी सुविधाओं पर फोकस कर रही है। 2019-20 से 2026-27 तक बजट 3 गुना से अधिक बढ़ा है। यह वृद्धि न केवल नई भर्तियों के लिए है, बल्कि मौजूदा कर्मचारियों की सेवा शर्तों में सुधार, वेतन वृद्धि और निगम के गठन से जुड़े खर्चों को भी कवर करती है। आने वाले बजट में इस निगम के लिए और अधिक प्रावधान होने की उम्मीद है।

**आउटसोर्स से भर्तियों में आरक्षण का स्पष्ट प्रावधान**

आउटसोर्स पर होने वाली भर्तियों को लेकर अक्सर विपक्ष सत्ता पक्ष पर हमलावर रहता था। विपक्ष का आरोप होता था कि आउटसोर्स से होने वाली भर्तियों में आरक्षण प्रावधनों का पालन नहीं किया जा रहा। सपा इसे पीडीए के हक की डकैती बताकर अक्सर सरकार पर हमलावर रहती है। सरकार ने इसकी काट के लिए आउटसोर्स पदों पर होने वाली भर्तियों में भी आरक्षण लागू किया।

अब आउटसोर्स निगम के जरिए होने वाली भर्तियों में अनुसूचित जाति (SC) को 21%, अनुसूचित जनजाति (ST) को 2%, अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) को 27% और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग (EWS) को 10% आरक्षण दिया जाएगा।

# मस्जिद में शियों पर हमला करने वाले इज़राइली एजेंट : मौलाना जवाद

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के विश्वविख्यात बड़े ईमाम्बाड़े की आसिफ़ी मस्जिद में हुआ ज़ोरदार प्रदर्शन,लगे पाकिस्तान, आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे।

ज्ञातव्य है पाकिस्तान के इस्लामाबाद में पिछले जुमे हुए दौराने नमाज़ आतंकी हमले को लेकर मौलाना कल्बे जवाद के नेतृत्व में आतंकवाद एवं पाकिस्तान के विरोध में प्रदर्शन हुआ। मौलाना ने आगे कहा कि इस समय शिया मस्जिदों पर हमला कर शियों को मारने का सीधा सीधा मतलब है कि इनकी फंडिंग इज़राईल और अमरीका से हो रही है।

मौलाना ने कहा इस हमले से साफ़ ज़ाहिर है कि इनकी सारी तंज़ीमें चाहे जमाते इस्लामी हो या जमीअत उल्माए हिन्द इनसबको पैसा इज़राईल और अमरीका से आता है।

> मौलाना ने कहा कि अफ़सोस है उन मुस्लिम मिली तंज़ीमों पर जो शियों के क़तले आम पर खामोश रहती हैं जबकि कोई अमरीकी या फ्रानसीसी मारा जाता है तब उनका फतवा आतंकवाद पर आजाता है।




उन्होंने कहा कि ऐसे समय जब ईरान अमरीका और इज़राईल से सीधे सीधे लड़ रहा है ऐसे में शिया मस्जिदों पर हमला दर्शाता है कि नाम निहाद मुस्लिम नाम की तंज़ीमें कहाँ से पैसा पा रही हैं।

इस मौक़े पर पाकिस्तान एवं शाहबाज़ शरीफ के पुतले फूंक कर गगन भेदी नारों से बड़ा ईमाम्बाड़ा गूँज उठा।

## कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समारोह में जिलाधिकारी ने सौंपे पत्र

# 141 ईसीसीई एजुकेटरों को नियुक्ति पत्र वितरित



कार्यक्रम

बृजेंद्र वीर सिंह



तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर। जनपद में प्रारम्भिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई) व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में शुक्रवार को महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 141 चयनित ईसीसीई एजुकेटरों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।

समारोह की अध्यक्षता जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने की। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी और अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ने संयुक्त रूप से चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। अधिकारियों ने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए उन्हें अपने दायित्वों के प्रति सजग और प्रतिबद्ध रहने का आह्वान किया। जिलाधिकारी ने बताया कि यह नियुक्ति प्रक्रिया National Education Policy 2020 के प्रावधानों के अनुरूप की गई है। साथ ही NIPUN Bharat Mission के तहत प्रारम्भिक शिक्षा को मजबूत करने की रणनीति के अंतर्गत को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों पर ईसीसीई एजुकेटरों की तैनाती की जा रही है। इन एजुकेटरों की जिम्मेदारी बच्चों के लिए अनुकूल शिक्षण वातावरण तैयार करना, खेल-आधारित एवं गतिविधि-आधारित शिक्षण पद्धति को बढ़ावा देना और सीखने की प्रक्रिया को प्रभावी बनाना है।

### गुणवत्ता और परिणामोन्मुखी कार्य पर जोर

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने चयनित अभ्यर्थियों को विद्यालयी परिवेश में अनुशासन, नियमितता और गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों की सीखने की क्षमता को विकसित करने के लिए नवीन शिक्षण विधियों को अपनाना आवश्यक है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में प्रारम्भिक शिक्षा का स्तर सुधारना प्रशासन की प्राथमिकता है। ईसीसीई एजुकेटरों की सक्रिय भूमिका से आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यप्रणाली और प्रभावशीलता में सुधार आएगा।

### 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग पर विशेष फोकस

जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने कहा कि तीन से छह वर्ष आयु वर्ग बच्चों के समग्र विकास की आधारशिला होता है। इस आयु में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और देखभाल भविष्य की शैक्षिक उपलब्धियों को प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि ईसीसीई एजुकेटरों की भूमिका बच्चों के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और संवेगात्मक विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह नियुक्ति केवल रोजगार का अवसर नहीं, बल्कि नौनिहालों के भविष्य निर्माण से जुड़ा दायित्व है। सभी एजुकेटरों से अपेक्षा की गई कि वे समर्पण और ईमानदारी के साथ कार्य करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाएंगे।

# अम्बेडकरनगर में नैनो उर्वरकों पर जनपद स्तरीय कार्यशाला

## ‘धरती माता बचाओ अभियान’ के तहत संतुलित उर्वरक उपयोग पर जोर

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर (अकबरपुर)। मृदा स्वास्थ्य संरक्षण और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को कृषि भवन स्थित किसान सभागार में ‘धरती माता बचाओ अभियान’ के तहत जनपद स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारी, सहायक विकास अधिकारी (कृषि), उर्वरक डीलर, ड्रोन दीदी सहित विभागीय अधिकारी और Indian Farmers Fertiliser Cooperative Limited (इफको) के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

कार्यक्रम में संतुलित उर्वरक उपयोग, रासायनिक उर्वरकों की खपत में कमी और आधुनिक कृषि तकनीकों के समुचित प्रयोग पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने कहा कि मिट्टी की सेहत को बनाए रखने के लिए वैज्ञानिक पद्धति से उर्वरकों का उपयोग आवश्यक है।



जिला कृषि अधिकारी अरविन्द कुमार चौधरी ने रासायनिक उर्वरकों की खपत कम करने, समुचित प्रबंधन और एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन (आईएनएम) के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विभागीय कर्मचारियों के माध्यम से किसानों को जागरूक किया जाएगा और उनके खेतों पर नैनो उर्वरकों के प्रदर्शन कराए जाएंगे, ताकि इसके सकारात्मक परिणाम सामने आ सकें।

### रासायनिक उर्वरकों की निर्भरता घटाने पर जोर

इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक देवी प्रसाद ने कहा कि परंपरागत रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से मृदा स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने नैनो उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई और कहा कि इससे कम मात्रा में अधिक प्रभावी परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। उप महाप्रबंधक डॉ. आर.के. नायक ने नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, सागरिका, नैनो कॉपर और नैनो जिंक के प्रयोग की विधि एवं उनके लाभों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नैनो उर्वरकों का छिड़काव निर्धारित मात्रा और समय पर करने से फसल की वृद्धि बेहतर होती है तथा लागत में भी कमी आती है।

फास्ट न्यूज

### मालीपुर में छात्र की संदिग्ध मौत

मालीपुर (अम्बेडकरनगर)। मालीपुर के आशानंदपुर बरौली में नौ वर्षीय छात्र अंश की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस ने स्कूल प्रबंधक सुरेश अग्रवाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। अंश मालीपुर के जय नारायण सरस्वती विद्या मंदिर में यूकेजी का छात्र था। पुलिस के अनुसार, बीते मंगलवार को अंश की तबीयत अचानक खराब हुई। उसे खून की उल्टियां शुरू हो गईं, लेकिन स्कूल ने न तो उसका उपचार कराया और न ही घर पर सूचना दी।

### डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का शनिवार को अंबेडकरनगर दौरा

अंबेडकरनगर। उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य शनिवार को जिले के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। दौरे के दौरान वे जिले के विभिन्न कार्यक्रमों और जनसंपर्क गतिविधियों में भाग लेंगे।

डिप्टी सीएम सुबह भीटी ब्लॉक के खजुरी गांव में पहुंचेंगे। यहां वे ग्राम स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे और ग्रामीणों से संवाद करेंगे। इस मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ चर्चा करेंगे, जिससे ग्राम विकास से जुड़े मुद्दों और योजनाओं की जानकारी सीधे आम जनता तक पहुंच सके।

### टांडा ब्लॉक में बिल-वाउचर अपलोड पर उठे सवाल

अम्बेडकरनगर। जनपद के टांडा विकासखंड में विकास कार्यों से जुड़े बिल-वाउचर अपलोड को लेकर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय स्तर पर अपलोड किए गए दस्तावेजों की प्रक्रिया और विवरण को लेकर आमजन में चर्चाएं तेज हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि जिन कार्यों के बिल पोर्टल पर अपलोड किए गए हैं, उनकी राशि और विवरण में स्पष्टता नहीं दिखाई दे रही है।

## मनरेगा रोजगार की संवैधानिक गारंटी : कमलनयन वर्मा

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। मनरेगा को लेकर जिले में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। मनरेगा बचाओ संग्राम के पर्यवेक्षक कमल-नयन वर्मा ने कहा कि मनरेगा देश के करोड़ों ग्रामीण परिवारों के लिए केवल एक योजना नहीं, बल्कि रोजगार की संवैधानिक गारंटी है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार नई योजनाओं के माध्यम से मनरेगा की मूल भावना को कमजोर करने का प्रयास कर रही है।

पुरानी तहसील स्थित शहीद स्मारक से शुरू हुई पदयात्रा शहजा-दपुर-दोस्तपुर चौराहे पर गांधी प्रतिमा तक पहुंची, जहां माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। पदयात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं ने मनरेगा से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया और केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध दर्ज कराया।

कमलनयन वर्मा ने कहा कि मनरेगा ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका



निभाई है। इससे गरीब और मजदूर वर्ग को गांव में ही रोजगार मिला है, जिससे पलायन पर भी अंकुश लगा है। उन्होंने कहा कि योजना ने ग्रामीण परिवारों को सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर दिया है।

वर्मा ने कहा कि यदि मनरेगा को कमजोर किया गया तो इसका सीधा असर ग्रामीण मजदूरों और गरीब परिवारों पर पड़ेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से योजना की मूल भावना को बचाने के लिए संघर्ष तेज करने का आह्वान किया।

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अवधेश कुमार मिश्र ‘बब्लू’ ने बताया कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर अम्बेडकरनगर में मनरेगा बचाओ संग्राम पदयात्रा आयोजित की गई।

## पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित, बिजली खर्च में होगी लाखों की बचत

# 35 नलकूपों को किया गया सौर ऊर्जा आधारित

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। अकबरपुर नगर-पालिका ने अपने सभी 35 नलकूपों को सौर ऊर्जा से संचालित करने का निर्णय लिया है। वर्तमान में केवल नौ नलकूप ही सौर ऊर्जा पर चल रहे थे। इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करना और बिजली पर होने वाले खर्च को कम करना है।

अकबरपुर नगरपालिका क्षेत्र में लगभग 27 हजार घरों तक पाइपलाइन के माध्यम से पानी पहुँचाने के लिए 11 पानी की टंकियां स्थापित हैं। इन टंकियों को भरने के लिए 35 नलकूपों का संचालन किया जाता है। नलकूपों को सौर ऊर्जा से संचालित करने से जलापूर्ति की स्थिरता बढ़ेगी और बिजली बिल में हर महीने लाखों रुपये की बचत होगी। अकबरपुर नगरपा-लिका क्षेत्र में 25 वार्डों में 28 हजार



भवन और दुकानों तक पानी पहुँचाने के लिए 250 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई गई है। पानी की गुणवत्ता की जांच में पीएच स्तर 6.50 से 8.50 के बीच और टीडीएस स्तर 409.50 से 500 पाया गया। इसके अतिरिक्त, नगरपालिका ने एक करोड़ रुपये की लागत से छह सार्वजनिक स्थलों पर सौर ऊर्जा आधारित आरओ पानी की टंकियां भी लगाई हैं। इन टंकियों में कटारिया याकूब, शिवबाबा, बाबा दामोदर दास मंदिर के पास, बसखारी रोड निबियहवा पोखरा, शेखपुरा काली माता मंदिर के पास नेहरूनगर और अंबेडकर पार्क के पास दो हजार लीटर क्षमता वाली टंकियां शामिल हैं।

### परियोजना की लागत और कार्यान्वयन

इस परियोजना के लिए कुल पांच करोड़ रुपये की लागत का सोलर पैनल इंस्टॉलेशन प्रस्ताव शासन को भेजा गया था, जिसे हाल ही में स्वीकृत किया गया। गोविंद गणेशपुर वार्ड में पहले से ही एक वाटरपंप सौर ऊर्जा पर संचालित है। वहीं, विजयगांव और लारपुर के पंपों पर सौर पैनल लगाने का कार्य अंतिम चरण में है। शेष 32 नलकूपों पर मार्च से पैनल लगाने का काम शुरू होगा। सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित होने के बाद अधिकांश इलाकों में दिन-रात पानी की आपूर्ति संभव हो सकेगी। वर्तमान में बिजली गुल होने पर जलकल विभाग को पानी की आपूर्ति बाधित होने की समस्या का सामना करना पड़ता है। नई व्यवस्था से शहर के प्रमुख इलाकों और त्योहारों के दौरान भी पानी की कमी नहीं होगी।

## पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। पुलिस कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित जनसुन-वाई में पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने भूमि विवाद, मारपीट, पारिवारिक विवाद और अन्य प्रकरणों से जुड़ी समस्याएं रखीं। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक प्रार्थना पत्र को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निष्पक्ष और समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है।

जनसुनवाई के दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों का अवलोकन करते हुए एसपी ने संबंधित क्षेत्राधिकारियों और थाना प्रभारियों को जांच कर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने फरियादियों को



भरोसा दिलाया कि प्रत्येक शिकायत का परीक्षण तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर किया जाएगा। विवादित मामलों में दोनों पक्षों को सुनकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस कार्यालय में नियमित रूप से आयोजित हो रही जनसुनवाई को लेकर आमजन में विश्वास बढ़ा है। विभिन्न क्षेत्रों से लोग सीधे पुलिस अधीक्षक के समक्ष अपनी बात रख रहे हैं। इससे लंबित प्रकरणों के निस्तारण में भी तेजी आई है।

एसपी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के समाधान की प्रगति की रिपोर्ट समय-समय पर प्रस्तुत की जाए। साथ ही, संवेदनशील मामलों में प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र मोहन सिंह उर्फ संजय सिंह के नेतृत्व में बदली तस्वीर

# बसखारी ब्लॉक में विकास कार्यों को मिली रफ्तार

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। बसखारी ब्लॉक में पिछले कार्यकाल के दौरान विकास कार्यों में उल्लेखनीय तेजी देखी गई है। ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र मोहन सिंह उर्फ संजय सिंह के नेतृत्व में सड़क, नाली, इंटरलॉकिंग और अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी गई। ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में कई परियोजनाएं धरातल पर उतारी गईं।

ब्लॉक स्तर पर विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में निगरानी और समन्वय को प्रमुखता दी गई। विभिन्न ग्राम पंचायतों में आंतरिक सड़कों का निर्माण, जल निकासी व्यवस्था में सुधार और सार्वजनिक स्थलों के विकास कार्य कराए गए।



स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों के साथ नियमित समीक्षा बैठकों के माध्यम से कार्यों की प्रगति सुनिश्चित की गई। ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र मोहन सिंह ने विकास योजनाओं के चयन में स्थानीय आवश्यकताओं को प्राथमिकता देने की रणनीति अपनाई। ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार को लक्ष्य बनाते हुए योजनाओं का प्रस्ताव और स्वीकृति प्रक्रिया को गति दी गई।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पूर्व की तुलना में विकास कार्यों की गति में तेजी आई है। कई गांवों में लंबे समय से लंबित कार्य पूरे किए गए। जनप्रतिनिधि स्तर पर नियमित निरीक्षण के कारण कार्यों की प्रगति पर नियंत्रण बना रहा।

ब्लॉक प्रमुख ने बसखारी को जिले के अग्रणी ब्लॉकों में शामिल करने का लक्ष्य तय किया है। इसके तहत विकास योजनाओं को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है। प्रशासनिक समन्वय और स्थानीय भागीदारी के माध्यम से योजनाओं को प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है।

### आधारभूत सुविधाओं पर विशेष जोर

ब्लॉक प्रमुख के कार्यकाल में ग्रामीण संपर्क मार्गों के सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान दिया गया। कई गांवों में इंटरलॉकिंग सड़कें बिछाई गईं, जिससे आवागमन सुगम हुआ। जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नालियों का निर्माण और मरम्मत कराई गई।

इसके अतिरिक्त सामुदायिक भवनों और सार्वजनिक स्थलों के रखरखाव पर भी काम हुआ। पंचायत स्तर पर विकास योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गए। कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए तकनीकी टीमों की निगरानी भी सुनिश्चित की गई।

# तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से तीन वर्षीय मासूम की मौत

## घर के बाहर खेल रहा था बच्चा, चिकित्सकों ने किया मृत घोषित

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। अकबरपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह सड़क हादसे में तीन वर्षीय अयांश की मौत हो गई। घटना लालपुर के पास की है, जहां बच्चा अपने घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार बोलेरो ने उसे टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बोलेरो तेज गति से गुजर रही थी। सड़क किनारे खेल रहे अयांश को वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग और परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और बच्चे को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने अयांश को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस



मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। दुर्घटना के बाद बोलेरो चालक वाहन सहित मौके से फरार बताया जा रहा है।

पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से जानकारी जुटाई। दुर्घटना के कारणों की पड़ताल की जा रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि वाहन और चालक की पहचान की जा सके। मृतक अयांश अपने पिता जिला जीत की पांच संतानों में इकलौता बेटा था। उसकी चार बहनें हैं। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। परिजन घटना से आहत हैं।

स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क पर तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही लंबे समय से चिंता का विषय रही है। उन्होंने प्रशासन से क्षेत्र में यातायात नियंत्रण और गति सीमा लागू कराने की मांग की है।

परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने बोलेरो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी चालक की तलाश की जा रही है और जल्द गिरफ्तारी की कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

## पाकिस्तान में मस्जिद हमले के विरोध में मीरानपुर में धरना

तमसा संकेत, संवाददाता



अकबरपुर (अम्बेडकरनगर)। पाकिस्तान में मस्जिद के भीतर हुए आत्मघाती हमले में शिया समुदाय के लोगों की मौत के विरोध में शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद मीरानपुर स्थित बड़ा इमामबाड़ा परिसर में शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अंजुमन अकबरिया की ओर से किया गया।

**जुमे की नमाज के बाद बड़ा इमामबाड़ा परिसर में प्रदर्शन, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन**

धरना-प्रदर्शन के दौरान पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ नारे लगाए गए। प्रदर्शनका-रियों ने घटना की निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई और मानवाधिकारों की सुरक्षा की मांग की। बाद में भारत गणराज्य की राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अपर नायब तहसीलदार रमेश चन्द्र पाण्डेय को सौंपा गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना अकबर अली वायज ने की। उन्होंने कहा कि बेगुनाह नमाजियों पर हमला किसी भी मजहब की शिक्षाओं के अनुरूप नहीं है। मजहब अमन, इंसाफ और इंसानियत का संदेश देता है, जबकि आतंकवाद नफरत और तबाही फैलाता है। उन्होंने अंतरर-ाष्ट्रीय समुदाय से ऐसे हमलों की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने की अपील की।

अंजुमन अध्यक्ष रेहान ज़ैदी ने अपने संबोधन में कहा कि घटना की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए ताकि सच्चाई सामने आ सके।

## मदद : महिमा गौड़ की शादी में गृह उपयोगी वस्तुएं देकर की आर्थिक सहायता

# नारायण फाउंडेशन ने दिया जरूरतमंद परिवार को सहारा



तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। अकबरपुर क्षेत्र के परस कटुई निवासी महिमा गौड़ की शादी में नारायण फाउंडेशन ने सहयोग कर जरूरतमंद परिवार का साथ दिया। संस्था के संरक्षक विवेक मौर्य के निर्देश पर टीम ने गृह उपयोग में आने वाली वस्तुएं उपलब्ध कराते हुए आर्थिक सहायता प्रदान की।

महिमा गौड़ का विवाह महमतपुर देवी दयाल, पोस्ट शिवतरा निवासी प्रिंस गौड़ के साथ तय हुआ था। माता-पिता के निधन के बाद शादी और घर की जिम्मेदारी छोटे भाई हिमांशु गौड़ पर आ गई थी। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण परिवार को कठिनाइयों का सामना



करना पड़ रहा था। इस दौरान ग्राम प्रधान अशोक प्रजापति के साथ हिमांशु गौड़ ने विवेक मौर्य से मुलाकात कर स्थिति से अवगत कराया। नारायण फाउंडेशन शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में कार्यरत है। प्रतियोगी परीक्षाओं के दौरान बाहरी जिलों से आने वाले अभ्यर्थियों के लिए निःशुल्क ठहरने, भोजन और परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने की व्यवस्था भी संस्था द्वारा की जाती रही है।

### 90 से अधिक बेटियों की शादी में सहयोग

विवेक मौर्य द्वारा व्यक्तिगत प्रयासों से अब तक 90 से अधिक बहन-बेटियों की शादी में गृह उपयोगी वस्तुएं और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा चुकी है। पूर्व में जिला मुख्यालय अकबरपुर में सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन कर 21 बेटियों का विवाह संपन्न कराया गया था। इस अवसर पर नवविवाहितों को दैनिक उपयोग की सामग्री और आभूषण भी प्रदान किए गए थे।

### शादी में भेंट की गई आवश्यक सामग्री

नारायण फाउंडेशन की ओर से बिटिया को बेड, सिंगारदान, पंखा, बक्सा, रजाई, तकिया, गद्दा, कुर्सी, मेज, प्रेस, मिक्सर, चादर और बाथरूम सेट उपहार स्वरूप प्रदान किए गए। संस्था की टीम के सदस्य अली, वाफा, उत्सव, सत्यम, रवि, मिंटू सहित अन्य लोग जब विवाह सामग्री लेकर पहुंचे तो स्थानीय ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। संस्था की ओर से बताया गया कि जरूरतमंद परिवारों की बेटियों की शादी में किसी प्रकार की बाधा न आए, इसके लिए सहयोग जारी रहेगा।

## 2012 के श्रीनाथ यादव हत्याकांड में कुलदीप को आजीवन कारावास

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। 2012 में हुए श्रीनाथ यादव हत्याकांड में कोर्ट ने आज फैसला सुनाया है। अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम रामविलास सिंह की अदालत ने प्रेमिका के भाई कुलदीप को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा दोषी पर 15 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया।

मृतक श्रीनाथ यादव के बड़े भाई हरिनाथ ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि श्रीनाथ दिल्ली में एक निजी कंपनी में कार्यरत था और उसका गांव की एक युवती से प्रेम संबंध था। युवती अकबरपुर में एक क्लीनिक चलाती थी।

हरिनाथ ने बताया कि 25 जून 2012 को युवती ने श्रीनाथ को मिलने के लिए बुलाया। इसके बाद 27 जून 2012 को श्रीनाथ अयोध्या के देवाकाली में अपना सामान रखकर युवती से मिलने गया। रात करीब 9:30 बजे श्रीनाथ ने अपने रिश्तेदार बृजभूषण को फोन किया



और बताया कि युवती ने मिलने से इनकार कर दिया है। कुछ देर बाद श्रीनाथ घायल अवस्था में रेलवे ट्रैक के किनारे पाया गया। शुरुआती स्थिति को देखकर यह प्रतीत हुआ कि घटना को दुर्घटना का रूप देने का प्रयास किया गया। अस्पताल ले जाते समय श्रीनाथ की मौत हो गई।

हरिनाथ ने युवती और उसके भाई कुलदीप के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस जांच में युवती की संलिप्तता नहीं पाई गई। इसके बाद केवल कुलदीप के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया।

सुनवाई के दौरान अदालत ने सभी साक्ष्यों और गवाहों की जांच के आधार पर कुलदीप को दोषी ठहराया। न्यायालय ने कहा कि हत्या की वारदात सुनियोजित तरीके से अंजाम दी गई थी।

# सम्पादकीय

## रेरा को सही फटकार



सुप्रीम कोर्ट ने रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण अर्थात रेरा को जो कड़ी फटकार लगाई, उसके लिए वही उत्तरदायी है। इस प्राधिकरण का गठन जिन उम्मीदों के साथ किया गया था, वह उन पर खरा नहीं उतर पा रहा है। रेरा की लचर कार्यप्रणाली के चलते न जाने कितने लोग अदालतों का दरवाजा खटखटाने के लिए बाध्य होते हैं और सब जानते हैं कि वहां से न्याय मिलने में समय लगता है।

रेरा की निराशाजनक कार्यप्रणाली को इससे समझा जा सकता है कि सुप्रीम कोर्ट को यह कहना पड़ा कि उसे बंद करना ही बेहतर है। उसने यह कठोर टिप्पणी भी की कि वह दिवालिया बिल्डरों को राहत देने के अलावा और कुछ नहीं कर रहा है। इसका सीधा मतलब है कि वह फ्लैट खरीदारों के हितों की रक्षा करने के स्थान पर उन बिल्डरों की पक्षधरता करता है, जिन पर उसे निगाह रखनी चाहिए, ताकि वे अपने प्रोजेक्ट समय पर पूरा करें और उनमें मनमाने तरीके से बदलाव न कर सकें।

भले ही सुप्रीम कोर्ट ने रेरा के खिलाफ कठोर टिप्पणी हिमाचल प्रदेश के एक मामले में की हो, लेकिन उसका यह आकलन तो लगभग सभी राज्यों के रेरा पर लागू होता है कि जिन लोगों के हितों की रक्षा के लिए इसे बनाया गया था, वे निराश और हताश हैं और उन्हें कोई प्रभावी राहत नहीं मिल रही। संभवतः इसीलिए उसने यहां तक कहा कि यदि इस संस्था को समाप्त भी कर दिया जाए तो उसे कोई आपत्ति नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि समय आ गया है कि सभी राज्य रेरा के नए सिरे से गठन पर विचार करें। इसमें संदेह है कि उसकी ओर से स्पष्ट निर्देश के बिना ऐसा हो सकेगा। उचित यह होगा कि केंद्र सरकार यह देखे कि सभी राज्यों के रेरा सही तरह काम करें, क्योंकि सबमें खामियां घर कर गई हैं। कई मामलों में यह देखने में आया है कि रेरा ने उन बिल्डरों का बचाव किया, जो फ्लैट खरीदारों से साफ तौर पर वादाखिलाफी कर रहे थे।

यदि रेरा के अस्तित्व में होने के बाद भी देश भर में लाखों प्रोजेक्ट अटके पड़े हैं तो इसका अर्थ है कि कहीं कुछ बड़ी गड़बड़ है। बहुत दिन नहीं हुए, जब सुप्रीम कोर्ट के समक्ष ही यह उजागर हुआ था कि दिल्ली-एनसीआर समेत कई शहरों में बिल्डरों ने बैंकों से मिलकर लाखों फ्लैट खरीदारों के साथ ठगी की। यह ठगी सबवेंशन स्कीम के जरिये की गई।

सबवेंशन स्कीम के तहत किसी परियोजना के तहत स्वीकृत राशि सीधे बिल्डरों के खातों में भेजी जाती थी। उन्हें घर खरीदारों को फ्लैट सौंपने तक ईएमआइ का भुगतान करना होता था, लेकिन कई मामलों में बिल्डरों ने फ्लैट तैयार किए बिना ईएमआइ का भुगतान बंद कर दिया। इस पर बैंक फ्लैट खरीदारों से शेष ईएमआइ की मांग करने लगे। इसे अन्याय और अंधेर के अलावा और कुछ नहीं कहा जा सकता।

# बांग्लादेश में बीएनपी की भारी जीत से भारत के लिए सियासी निहितार्थ

> वहीं बीएनपी की जीत से दुनिया के लिए भी सियासी मायने साफ हैं। बीएनपी की जीत बांग्लादेश में राजनीतिक स्थिरता ला सकती है लेकिन विदेश नीति में संतुलन अपनाने से चीन और पाकिस्तान के साथ संबंध मजबूत हो सकते हैं।



बांग्लादेश में प्रमुख विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने फरवरी 2026 के संसदीय चुनावों में भारी जीत हासिल की है। उसने 300 सीटों में से 151 से 209 सीटें जीतकर स्पष्ट बहुमत प्राप्त किया है। इससे बंगलादेश में बीएनपी की भारी जीत से भारत के लिए सियासी निहितार्थ स्पष्ट हैं क्योंकि यह अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग के पतन के बाद पहला बड़ा चुनाव है जो 2024 के छात्र-आंदोलन से उभरा था।

चूंकि बीएनपी पहले से सत्ता में रहती आई है, इसलिए उसकी जीत के वैश्विक मायने भी हैं। वह यह कि पार्टी कमोबेश पूर्व प्रधानमंत्री स्व.बेगम खालिदा जिया के अधूरे सपनों को ही साकार करेगी, वो भी तब जब उनके पुत्र तारिक रहमान देश के नए प्रधानमंत्री बनेंगे। देखा जाए तो बीएनपी ने जमात-ए-इस्लामी को काफी पीछे छोड़ते हुए प्रचंड जीत दर्ज की है, जहां जमात को महज 42-68 सीटें ही मिलीं हैं। इस प्रकार तारिक रहमान, जो कि बीएनपी के प्रमुख नेता हैं, देश के संभावित प्रधानमंत्री बन सकते हैं।

बीएनपी की जीत की वजह यह है कि पार्टी ने गरीबी उन्मूलन, भ्रष्टाचार विरोध और विदेशी निवेश पर जोर दिया है। इससे भारत के लिए सियासी मायने भी साफ हैं। भले ही भारत-बीएनपी संबंध ऐतिहासिक रूप से तनावपूर्ण रहे हैं, खासकर पाकिस्तान और जमात से बीएनपी के पुराने गठजोड़ के कारण। इसलिए उनकी जीत से भारत को सीमा सुरक्षा, पूर्वोत्तर क्षेत्र में अस्थिरता और चरमपंथी समूहों की चिंता बढ़ सकती है हालांकि बीएनपी समानता-आधारित संबंधों का वादा कर रही है। खासकर हसीना युग के बाद विदेश नीति में बदलाव से व्यापार, जल बंटवारा और कनेक्टिविटी पर असर पड़ सकता है।

वहीं दक्षिण एशिया में भू-राजनीतिक बदलाव संभव है, जहां भारत के प्रभाव में कमी और चीन के निवेश ($2.1 बिलियन) बढ़ सकता है। वैश्विक रूप से, यह क्षेत्रीय गठबंधनों को प्रभावित कर सकता है, खासकर म्यांमार शरणार्थी और आर्थिक सुधारों के संदर्भ में।

यह ठीक है कि भारत और बीएनपी के बीच संबंध सुधारने के प्रयास चुनाव से पहले ही शुरू हो चुके हैं जिसमें एस जयशंकर की तारिक रहमान से ₹बहुत मैत्रीपूर्ण₹ चर्चा शामिल है। हालांकि हसीना के भारत में रहने से तनाव बरकरार है, फिर भी दोनों पक्ष सहयोग बढ़ाने को इच्छुक दिख रहे हैं। इसलिए संभावित सुधार के कदम उठाये जा सकते हैं, खासकर राजनयिक संपर्क बढ़ाना क्योंकि भारत ने बीएनपी नेताओं से मुलाकातें कीं, जैसे प्रणय वर्मा की मीरजा फखरुल से, जहां बीएनपी ने भारत की सुरक्षा हितों का सम्मान करने का आश्वासन दिया।

वहीं, व्यापार और वीजा बहाली के दृष्टिगत यात्रा, व्यापार और वीजा प्रतिबंध हटाने पर फोकस किया जा सकता है जो हसीना के बाद बाधित हो गए थे, खासकर जल बंटवारा और सीमा मुद्दे हल करना यानी बीएनपी पानी बंटवारे और सीमा हत्याओं (जैसे फेलानी घटना) पर जोर दे रही है। इसलिए कुछ चुनौतियां भी आएंगी क्योंकि बीएनपी हसीना की प्रत्यर्पण की मांग कर रही है जिसे भारत शरण दे रहा है. इससे जन-भावना भी प्रभावित हो रही है।

वहीं, जमात-ए-इस्लामी का प्रभाव और पाक-चीन झुकाव भारत की चिंता बढ़ा सकता है। फिर भी भविष्य की संभावनाएं दिखाई दे रही हैं। बीएनपी ₹समानता-आधारित₹ पड़ोसी संबंधों का वादा कर रही है जबकि भारत अल्पसंख्यक सुरक्षा और चरमपंथ विरोध की शर्त रख रहा है। इसलिए विशेषज्ञों के अनुसार, व्यावहारिक आवश्यकताएं रीसेट सुनिश्चित करेंगी लेकिन ऐतिहासिक अविश्वास दूर करने में समय लगेगा।

यद्यपि तारिक रहमान, जो बीएनपी के प्रमुख नेता हैं, और भारत के प्रति संयमित और तटस्थ रुख अपनाते दिख रहे हैं, जो अतीत के तनावपूर्ण रिश्तों से अलग है। वे समानता-आधारित पड़ोसी संबंधों पर जोर देते हैं लेकिन शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग रखते हैं। उनका मुख्य स्टैंड यह है कि अल्पसंख्यक सुरक्षा और स्थिरता के नजरिए से वो अपने भाषणों में अहिंसा, कानून के राज और हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का वादा करते हैं जो भारत की चिंताओं को संबोधित करता है। वहीं, समानता के मद्देनजर ₹बराबरी के रिश्ते₹ चाहते हैं, इसलिए उन्होंने पुरानी असमानताओं (जैसे जल बंटवारा, सीमा हत्याएं) पर बात उठाई लेकिन टकराव से बचते हैं।

हाँ, भारत में शरण लेने वाली हसीना को वापस लाने की मांग सबसे बड़ा विवादास्पद मुद्दा है। हालांकि हालिया संकेत यही है कि ढाका लौटने के बाद उनके संयमित भाषण को खुफिया एजेंसियां ₹इंडिया-न्यूट्रल₹ मान रही हैं जो 2001-06 के भारत-विरोधी दौर से अलग है। लिहाजा भारत के साथ सहयोग संभव लेकिन पाकिस्तान-चीन झुकाव और जमात प्रभाव चिंता का विषय है। इसलिए विशेषज्ञों का मानना है कि व्यावहारिकता से रिश्ते सुधर सकते हैं। देखा जाए तो तारिक रहमान के हालिया भाषणों में भारत का सीधा जिक्र बहुत कम या न के बराबर आया है, बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से सकारात्मक संकेत दिए गए हैं। वहीं उनके भाषणों की मुख्य शैली में भारत का प्रत्यक्ष उल्लेख न करना समाहित है। खासकर ढाका लौटने (25 दिसंबर 2025) के 17 मिनट के पहले भाषण में भारत का नाम नहीं लिया लेकिन अल्पसंख्यक सुरक्षा (हिंदू, बौद्ध आदि), अहिंसा और कानून के राज पर जोर दिया— जो भारत की प्रमुख चिंताओं को संबोधित करता है। वहीं, ₹बांग्लादेश फर्स्ट₹ नारा यानी ₹ना दिल्ली, ना रावलपिंडी, सबसे पहले बांग्लादेश₹ कहकर तटस्थ विदेश नीति का संकेत दिया जो पुराने भारत-विरोधी रुख से अलग है। उनके सकारात्मक संदेश साफ हैं। वो ये कि अंग्रेजी में अंतर-राष्ट्रीय अपील की, समावेशी बांग्लादेश का खाका पेश किया जो खुफिया एजेंसियों ने ₹री-अश्योरेंस सिग्नल₹ माना। देखा जाए तो उनके ये भाषण बीएनपी की री-ब्रांडिंग का हिस्सा हैं जहां 2001-06 के भारत-विरोधी दौर से दूरी दिखाई गई। कूटनीतिक विशेषज्ञों के अनुसार, यह भारत के साथ संबंध सुधारने का रणनीतिक संकेत है, हालांकि हसीना प्रत्यर्पण जैसे मुद्दे लंबित हैं।

-कमलेश पांडेय

## बच्चों को हिंसक बनाता डिजिटल संसार

पिछले दिनों गाजियाबाद में तीन नाबालिग बहनों ने अपने आवास की नौवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। 12,14,16 साल की आयु अपने जीवन के सपनों को बुनने और उन्हें बड़े लक्ष्यों के साथ पूरा करने की होती है, मगर लगता है इस उम्र में समाज और परिवार की वास्तविक दुनिया को छोड़कर आभासी दुनिया, गेमिंग और डिजिटल मीडिया की गिरफ्त में आकर बचपन हिंसा की ओर मुड़ चला है। तीनों को कोरोना काल से ही कोरियाई लव गेम, कोरियाई ड्रामे, गाने और मूवी देखने की लत लग गई थी।

वे तीनों कोरियाई संस्कृति से इतनी प्रभावित थीं कि अपने नाम के साथ-साथ जीवनशैली को भी उसी संस्कृति के अनुरूप ढाल लिया था। टास्क-बेस्ड डिजिटल गेम्स ने इन लड़कियों को पहले किताबों से दूर किया, फिर उनकी वास्तविक दुनिया भी समाप्त कर डाली। कोरियाई गेम की लत के कारण ही उन्होंने स्कूल जाना बंद कर दिया। तीनों बहनों में एक बहन डेथ कमांडर की भूमिका निभाते हुए बाकी दोनों को टास्क पूरा कराने में भूमिका निभाती थी। तीनों लड़कियों के सुसाइड नोट से जुड़े शब्द आइ.एम.सारी पापा-मैं गेम नहीं छोड़ पा रही हूं, यही बताते हैं कि ये किशोरियां एक टास्क-बेस्ड डिजिटल गेम से जुड़ी पूर्व नियोजित योजना की शिकार थीं। गाजियाबाद की घटना उन सभी के लिए एक चेतावनी है, जो अपने बच्चों पर भरोसा किए बैठे हैं कि उनका बच्चा बंद कमरे में मोबाइल चलाते हुए सुरक्षित है। इस घटना के बाद से कई माता-पिता अपने बच्चों को लेकर मनोचिकित्सकों के पास पहुंच रहे हैं। साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट बताते हैं कि टास्क-बेस्ड गेम में डिजिटल कंटेंट को नाबालिग वर्ग तक बड़ी चतुराई से पहुंचाया जाता है। सर्वेक्षण बताते हैं कि किशोर-किशोरियों के बीच कोरियाई, चीनी एवं जापानी कंटेंट को बिटक्वाइन मुद्रा का लालच देकर भी योजनाबद्ध तरीके से उन तक पहुंचाया जा रहा है।

-डॉ. विशेष गुप्ता

## अमेरिका और यूरोपीय देशों ...

डॉ. नीरज भारद्वाज

# भारत में एपस्टीन फाइल्स की चर्चा क्यों?

मीडिया में पिछले कई दिनों से एपस्टीन फाइल्स का नाम बहुत तेजी से चल रहा है। एपस्टीन फाइल्स नाम अपने आप में चौंका देने वाला है। लोग इसके फोटो, इसके कामकाज, शैली और इसके अंदर दिखाए जाने वाले कुकर्मों पर चर्चा कर रहे हैं। चारों तरफ भय का वातावरण बना दिया गया है। विश्व के लगभग सभी बड़े चेहरे इसमें दिखाई दे रहे हैं। अमेरिका और यूरोपीय देशों का यह काला सच है। अमेरिका और बहुत से यूरोपीय देशों में सेक्स की बात होना साधारण सी बात हो सकती है क्योंकि ओपन सेक्स और खुला व्यापार वहां की नीति का हिस्सा है लेकिन छोटे-छोटे बच्चों को मारना, उनका माँस खाना, उनका यौन उत्पीड़न करना आदि इंसानियत के नाम पर काला धब्बा है। अब चलते हैं भारतीय जीवन शैली की ओर। भारतीय जीवन शैली अध्यात्म से जुड़ी हुई है. यह आत्मा के मुक्त होने की साधना पर चलती है। यहां आवागमन के चक्कर से मुक्ति का सबसे बड़ा काम होता है। भारतीय सनातन संस्कृति की जब हम बात करते हैं तो यहां भोगवादी संस्कृति नहीं बल्कि आध्यात्मिक संस्कृति का सबसे बड़ा काम होता है। यहां पर तीज-त्यौहार, व्रत इतने हैं कि लोग उन्हीं में अपने जीवन की व्यवस्था और व्यस्तता को रखते हैं। सुयोग्य वर या वधू के लिए सोलह



सोमवार का व्रत करना(भगवान शिव की आराधना करना), ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए युवा मंगलवार का व्रत करते हैं और अपने साधन तथा सिद्धि को प्राप्त करते हैं। एकादशी को कितने ही स्त्री-पुरुष व्रत करते हैं। ज्येष्ठ मास में तो निर्जला एकादशी का व्रत, जब सूर्य अपने ताप पर होता है और वहां जल के बिना जीव का रहना, कितनी बड़ी साधना का काम है। इसके साथ जब हम भारतीय संस्कृति की बात करें तो आप देखेंगे कि कृष्ण जन्माष्टमी के दिन लोग पूरे दिन पानी तक नहीं पीते और रात्रि 12:00 बजे या चंद्रमा के दिखाई देने पर ही अपने व्रत को चरणामृत तथा फल आदि खाकर खोलते हैं। इतने बड़े संकल्प सिद्धि के इस देश में भोगवादी संस्कृति कहां टिकने वाली है।

कल्पवास के समय भी प्रयागराज में लोग महीना भर अपना घर त्याग कर, व्रत कर के, बहुत से समाधि पर बैठ जाते हैं। बहुत से कल्पवास में एक ही प्रकार का भोजन करते हैं। यह सब पारिवारिक लोग हैं जो परिवार की व्यवस्था में हैं। यह व्रत और तीज-त्योहार का पालन पारिवारिक लोग ही कर रहे होते हैं। जब करवा चौथ की बात होती है तो अपने सुहाग की लंबी आयु के लिए महिलाएं पूरे दिन कुछ भी नहीं खाती, चंद्रमा को देखकर ही व्रत को खोलती हैं। छठ मईया का व्रत तो पूरी रात जल में खड़ा रहना और सूर्योदय के साथ उसको खोलना है । यह व्रत कई दिनों तक चलता है। इसके साथ और भी बहुत सारे व्रत और तीज-त्योहार जुड़े हुए हैं। वैभव लक्ष्मी का व्रत भी माताएं करती हैं। संतोषी मां का भी व्रत करती हैं। बृहस्पतिवार अर्थात गुरुवार का व्रत भी करते हैं यानी कि भारतीय संस्कृति में व्रत की महिमा है। खाने-पीने या भोग की प्रवृत्ति न होकर अन्न-जल और विषय वस्तुओं को त्याग कर एक साधारण जीवन जीने की बहुत बड़ी सार्थकता है। आंकड़े बताते हैं कि सन 2025 प्रयागराज के महाकुंभ में लगभग साठ करोड़ लोगों ने स्नान किया। यह सारी बातें जो हो रही हैं, यह सब पारिवारिक लोगों के साथ जुड़ी हुई हैं जबकि संत समाज की यदि हम बात करें तो वह ज्ञान का प्रकाश पुंज हैं। अध्यात्म, दर्शन, भक्ति, योग, साधना आदि के सच्चे साधक सभी साधु, संत, महात्माओं को सादर प्रणाम। यह हम सब सामान्य लोगों को दिव्य ज्ञान देते हैं। संत हम सब लोगों को इस भौतिक या भोगवादी युग से दूर ले जाकर आध्यात्मिक चिंतन की ओर जोड़ते हैं। हमारे वेद, शास्त्र, पुराण, कथाएं आदि वैश्विक ज्ञान परंपरा में अग्रणीय हैं। कथाओं के अंदर त्याग ही त्याग है, आत्म शुद्धि है। आत्म शुद्धि के साथ-साथ आवागमन के चक्कर से मुक्ति है। हम यहां भोग के लिए नहीं, बल्कि आत्म शुद्धि और कर्म प्रधान समाज में कर्म करते हुए, आवागमन के चक्र से मुक्त होना चाहते हैं जबकि इसके दूसरी ओर यदि आप यूरोपीय या अमेरिका के अन्य देशों की बात करें तो वहां पर अध्यात्मवादी नहीं बल्कि भोगवादी संस्कृति आप देखोगे, वहां सेक्स का खुलापन है। वहां कपड़े पहनना ना पहनना, एक स्त्री अनेक पुरुषों के साथ, पुरुष अनेक स्त्रियों के साथ, अपने संबंध स्थापित कर लेता हैं। ऐसे ही वहां संतान उत्पत्ति हो भी रही है। परिवार के प्रति बहुत कम लोगों का रुझान देखने को मिलता है। बहुत सारे लोग तो शादी ही नहीं करते बल्कि अपनी दैहिक भूख मिटाने के लिए बाजार का सहारा लेते हैं। सही मायनों में यही एपस्टीन फाइल्स हैं । इन देशों में देह बाजार में बिकती है, लोग उपभोग की वस्तु का मूल्य देकर सुख भोग लेते हैं।

## समाज के...

ललित गर्ग

# तनाव, आतंक और अंधकार के बीच शिव का प्रकाश

15 फरवरी 2026 को जब समूचा भारत महाशिवरात्रि का पावन पर्व मनाएगा, तब यह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं होगा, बल्कि आत्मजागरण का विराट अवसर होगा। महाशिवरात्रि वह रात्रि है जब साधक अपने भीतर के अंधकार को पहचानकर शिवत्व के प्रकाश से उसे आलोकित करने का संकल्प लेता है। शिव केवल देवता नहीं, वे चेतना के शाश्वत आयाम हैं-महाकाल, जो समय से परे हैं, नटराज, जो सृष्टि की लय और ताल के अधिपति हैं और नीलकंठ, जो विष को पीकर भी अमृत का संदेश देते हैं। आज का युग विज्ञान, तकनीक और उपभोग का युग है। मानव ने अंतरिक्ष को नापा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता विकसित की, लेकिन अपने भीतर की शांति खो बैठा। तनाव, अवसाद, असंतोष, युद्ध, आतंकवाद और नैतिक विघटन की घटनाएँ विश्व को विचलित कर रही हैं। ऐसे दौर में शिव की प्रासंगिकता और बढ़ जाती है। शिव भक्ति कोई चमत्कारिक जादू नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित करने का वैज्ञानिक और आध्यात्मिक मार्ग है। शिव का स्वरूप द्वंद्वों से परे है। वे संहारक भी हैं और सृजनकर्ता भी। यह संदेश आज के समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है जो जड़, जर्जर और अनैतिक है, उसका विनाश आवश्यक है ताकि नवजीवन अंकुरित हो सके। जब हम अपने भीतर के अहंकार, क्रोध, लोभ और मोह का संहार करते हैं, तभी सच्चा निर्माण संभव होता है। यही शिव का वास्तविक चमत्कार है भीतर के विष का रूपांतरण। समुद्र-मंथन की कथा केवल पौराणिक आख्यान नहीं, बल्कि मानवीय जीवन का प्रतीक है। जब संसार अमृत की खोज में लगा, तब सबसे पहले विष निकला। आज भी जब मानव प्रगति की दौड़ में है, तो साथ में प्रदूषण, हिंसा और असंतुलन का विष भी उत्पन्न हो रहा है। उस विष को कौन पियेगा? शिव का नीलकंठ रूप हमें सिखाता



है कि समाज के संकट को दूर करने के लिए त्याग और सहनशीलता आवश्यक है। जब हम अपने स्तर पर कटुता को निगल लेते हैं और उसे बाहर नहीं फैलाते, तभी समाज में शांति बनी रहती है। इसी प्रकार गंगा के अवतरण की कथा बताती है कि अनियंत्रित शक्ति विनाशकारी हो सकती है। शिव ने उसे अपनी जटाओं में धारण कर संतुलित प्रवाह दिया। आज के संदर्भ में यह संदेश अत्यंत प्रासंगिक है। तकनीक, धन, सत्ता-ये सभी शक्तियाँ हैं। यदि वे अनियंत्रित हों तो विध्वंसक बनती हैं, और यदि शिव-संयम में हों तो कल्याणकारी। अतः शिव भक्ति का अर्थ है-शक्ति का संतुलन। आधुनिक मनुष्य की सबसे बड़ी समस्या है-तनाव। प्रतिस्पर्धा, अपेक्षाएं और असुरक्षा ने उसे अशांत बना दिया है। शिवरात्रि की रात्रि जागरण की रात्रि है, लेकिन यह बाह्य जागरण से अधिक आंतरिक जागरण है। जब साधक "ॐ नमः शिवाय" का जप करता है, तो वह अपने भीतर के कंपन को संतुलित करता है।

## जरा हटके

## 14 फरवरी को ...


संतोष कुमार तिवारी

# वैलेंटाइन डे की 'आड़' में गुमनाम होती जवानों की शहादत

जहां देश में युवक और युवती आपसी प्रेम के इजहार को लेकर बड़े ही बेसब्री से 14 फरवरी का इंतजार करते है और पर्व 7 फरवरी से 14 फरवरी तक विभिन्न दिवस के रूप मनाया जाता है लेकिन देश के युवा वैलेंटाइन डे के चक्कर में देश के वीर जवानों की शहादत को ध्यान में न रखकर केवल प्रेम और मोहब्बत के झूठे जंजाल में खुद को बर्बाद कर रहे है।

वैलेंटाइन डे के नाम पर जिस तरह युवक और युवती खुद को प्रेम के नाम पर बर्बाद कर रहे है जो कहीं न कहीं देश के भविष्य को लेकर चिंताजनक है। प्रेम के नाम पर केवल मौज मस्ती और दिखावा युवाओं को पथभ्रष्ट कर रहा है। जहां देश में लोग वीर जवानों की कुर्बानी को याद कर उनके कार्यों को नमन कर रहे है, पुलवामा में हुए हमले के दौरान शहीद हुए जवानों को लोग याद करते है और 14 फरवरी को शहीदों की याद में 'ब्लैक डे' मनाया जाता है लेकिन देश के भविष्य युवा वीरों की शहादत को याद करने की जगह भारतीय संस्कृति को गंदा करने वाले वैलेंटाइन डे जैसे दिन पर मशगूल रहते है। आइये जानते है कि 14 फरवरी को ब्लैक डे क्यों मनाया जाता है?

14 फरवरी को भारत के इतिहास में 'ब्लैक डे' के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन 2019 में पुलवामा में हुआ हमला आतंकवाद का एक विनाशकारी रूप था जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। जम्मू-कश्मीर में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का एक काफिला जम्मू से श्रीनगर की



ओर जा रहा था। जैसे ही काफिला अवंतीपोरा के गोरीपोरा के पास पहुंचा, एक वाहन काफिले में शामिल बसों के बहुत करीब आ गया। सैनिकों की ओर से ड्राइवर को सुरक्षित दूरी बनाए रखने के लिए बार-बार चेतावनी दिए जाने के बावजूद वाहन ने आदेशों की अनदेखी करना जारी रखा। एक भयावह क्षण में, वाहन बसों में से एक से टकरा गया जिससे एक बड़ा विस्फोट हुआ जिसमें 40 बहादुर सैनिकों की जान चली गई। यह आतंकवादी हमला श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे अवंतीपोरा के गोरीपोरा में हुआ। सीआरपीएफ का काफिला, जिसमें 60 से अधिक सैन्य वाहन और लगभग 2,547 सैनिक शामिल थे, इस क्षेत्र से गुजर रहा था। विस्फोटकों से भरे एक वाहन ने सैन्य बसों में से एक को टक्कर मार दी। टक्कर के कारण एक बड़ा विस्फोट हुआ, जो इतना शक्तिशाली था कि कई किलोमीटर दूर तक सुना जा सकता था. विस्फोट इतना तीव्र था कि इसने आसपास के क्षेत्र को धुएं और आग के घने बादल में घेर लिया।

# उत्कृष्ट मंगल धर्म हैं

धर्म एक मंगल उत्कृष्ट है । अहिंसा संयम व तप - धर्म है । जहां अहिंसा, संयम व तप है, वहाँ धर्म है, चाहे वह किसी भी जाति व संप्रदाय का हो । वह जैन हो या अजैन हो । अध्यात्म की शक्ति बहुत बड़ी शक्ति है । धर्म को उत्कृष्ट मंगल कहा गया हैं । इस दुनिया में स्वयं के लिए भी और दूसरों के लिए भी मंगल कामना की जाती हैं । मंगल हो इसलिए प्रयास किया जा सकता हैं । जैसे खाद्य पदार्थ लेने के रूप में शकुन के रूप में धान देकर , मुहूर्त के संदर्भ में अनुपालन कर मंगल का प्रयास किया जा सकता हैं । आगम में कहा गया है कि उत्कृष्ट मंगल धर्म हैं । प्रश्न होता है कि कौनसा धर्म उत्कृष्ट मंगल हैं ? शास्त्रकार ने कहा कि अहिंसा धर्म , संयम धर्म , तप धर्म उत्कृष्ट मंगल हैं । वह अहिंसा और संयम की जो भी साधना करेगा उसका मंगल होगा । वह तप में जो भी तपेगा उसका कल्याण हो सकेगा । अहिंसा धर्म शाश्वत धर्म हैं, सनातन धर्म है , ध्रुव धर्म हैं । वह हम यह सोचे कि जैसे मुझे दुःख अप्रिय हैं , सुख प्रिय हैं उसी प्रकार अन्य प्राणियों को भी दुःख अप्रिय हैं , सुख प्रिय हैं । अतः मैं अपने से किसी को भी दुःख क्यों पहुंचाऊ । हमारे जो व्यवहार स्वयं के लिए प्रतिकूल हैं, वैसा व्यवहार दूसरों के साथ भी हमको नहीं करना चाहिए । वह सभी प्राणियों को हमें सबके समान समान समझना चाहिए । हमारे द्वारा किसी भी प्राणी को प्रतिपात नहीं किया जाना चाहिए । अहिंसा धर्म अगर हमारे जीवन में है तो शान्ति भी रह सकती हैं । वह जहां हिंसा हैं वहां अशान्ति का वातावरण बन सकता हैं । वह इसी प्रकार हमारे जीवन में संयम की साधना भी बहुत महत्वपूर्ण हैं । हमको वाणी का संयम भी रखना चाहिए । वह जहां तक संभव हो हम झूठ नहीं बोले । कटु वचन नहीं बोले । वह अनावश्यक नहीं बोले आदि - आदि यह वाणी का संयम हैं । हम मन से किसी भी प्रकार का किसी के लिए अनिष्ट नहीं सोंचे । हमारे द्वारा सुमंगल चितन करना मन का संयम हैं । शरीर का भी संयम करने का हमारे द्वारा प्रयास किया जाना चाहिए। वह हमारे द्वारा पांचो इन्द्रियों का भी संयम रखा जाना चाहिए । वह इनका दुरुपयोग नहीं होना चाहिए । तपस्या करना भी एक साधना हैं । वह इसमें अन्न ग्रहण नहीं करना एक तपस्या हैं । हालांकि शास्त्रों में कहा गया हैं कि अध्ययन-अध्यापन ध्यान आदि धर्म के अंग हैं । वह अच्छे कार्य में प्रयास कर आगे बढ़ना और शुभ योग में रहना तपस्या होती हैं । अतः हमको सदैव आगे बढ़ने का प्रयास करते रहना चाहिए । हम अपने जीवन मे समता व जागरूकता आदि रखें तो निश्चित ही सबका मंगल होगा।

› प्रदीप छाजेड़

# महिला को धमकाने वाले सपा प्रवक्ता गिरफ्तार

**आरोप**

## बाराबंकी में एफआईआर के बाद 2 दिन से लापता थे, पत्नी ने दर्ज कराई थी गुमशुदगी

**तमसा संकेत, संवाददाता**

बाराबंकी । बाराबंकी पुलिस ने महिला को धमकाने वाले सपा प्रवक्ता मनोज यादव को गिरफ्तार कर लिया है। 11 फरवरी को महिला ने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद से सपा प्रवक्ता लापता थे। पत्नी ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

पुलिस ने शुक्रवार को उन्हें सफदरगंज क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। बड़ागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उनका मेडिकल कराया गया। इसके बाद पुलिस टीम उन्हें लेकर लखनऊ के लिए रवाना हो गई है।

सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज यादव सफदरगंज के भगोलापुरवा के रहने वाले हैं। वह परिवार समेत लखनऊ में रहते हैं। 11 फरवरी को उनके गांव की महिला कलावती ने उनके खिलाफ एफआईआर कराई।



पुलिस सपा प्रवक्ता को गिरफ्तार करके सफदरगंज थाना ले गई।

आरोप लगाया कि उन्होंने धमकी देते हुए जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया।

कलावती का आरोप है कि उसके बेटे को भी लगातार धमकी दी जा रही है। कलावती ने इससे पहले वर्ष 2004 में भी मनोज के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने का मुकदमा दर्ज कराया था। इस पुराने मामले को लेकर 11 फरवरी को विवाद हुआ था।

पुलिस को दी शिकायत में मनोज यादव की पत्नी प्रभा यादव ने लिखा- मनोज अपनी चचेरी बहन के तिलक के लिए बीबीडी थाना क्षेत्र में गए थे। उन्होंने बताया था कि वहां से और 2 शादी में जाना है।

रात करीब 9.40 पर मुझे उनका वीडियो कॉल आया, जो मैं रिसीव नहीं कर पाई। इसके बाद मैंने उसके दोनों नंबर पर कॉल किया। एक नंबर बंद था, जबकि दूसरे पर फोन रिसीव नहीं हो रहा था। मुझे पता चला कि मेरे पति काकोरी से तिलक में शामिल होकर घर के लिए निकल चुके थे। इसके बाद मैंने काफी प्रयास किया, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। ना ही मेरे पति घर वापस आए। गोमती नगर विस्तार थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

### राजकुमार भाटी ने उठाए सवाल

इस पूरे मामले को लेकर सपा के प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर मनोज यादव की रिहाई की मांग की। उन्होंने लिखा- यूपी पुलिस द्वारा मनोज यादव की अनैतिक रूप से गिरफ्तारी और उन्हें गायब किए जाने की घटना बेहद भयावह है। यह मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं के खिलाफ भाजपा की साजिश का प्रमाण है। किस मुंह से मुख्यमंत्री आदित्यनाथ यूपी में लोकतंत्र के दावे करते हैं, जबकि लोकतंत्र का खात्मा, तानाशाही, अपराध और पुलिसिया गुंडाराज का विस्तार हो रहा है। मनोज यादव को तुरंत रिहा किया जाए।



तस्वीर में सपा प्रवक्ता मनोज यादव सपा सुप्रिमो अखिलेश यादव के साथ हैं।

**इससे पहले सपा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके उनके लापता होने पर चिंता जताई थी। लिखा था कि उनके टीवी पैनलिस्ट मनोज यादव लापता हैं। यह अत्यंत चिंताजनक और गंभीर मामला है। पुलिस से अनुरोध है कि वे मामले को गंभीरता से लें और तत्काल खोजबीन तेज करें। साथ ही उनके साथ किसी भी प्रकार की अनहोनी न होने पाए, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।**

# दहेज के लिए विवाहिता को बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा

**तमसा संकेत, संवाददाता**



सूरतगंज (बाराबंकी)। मोहम्मद-पुर खाला थाना क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न का एक गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोगों ने विवाहिता को दहेज की मांग को लेकर बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा। पीड़िता किसी तरह जान बचाकर मायके पहुंची और अब न्याय की गुहार लगा रही है। थाना क्षेत्र के बेलारी गांव निवासी रमेश पुत्र बहादुर ने लिखित तहरीर देकर अपनी बहन बिट्टा को न्याय दिलाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार बिट्टा की शादी लगभग एक वर्ष पूर्व लल पुरवा मजरे बतनेरा निवासी गुरु पुत्र राम विजय के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा दहेज की अतिरिक्त मांग को लेकर उसे लगातार प्रताड़ित किया जाने लगा। पीड़िता का आरोप है कि पति और ससुर आए दिन दहेज को लेकर उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते थे। बीते 29 जनवरी को ससुराल पक्ष के लोगों ने कथित रूप से उसे बंधक बनाकर बुरी तरह पीटा। किसी तरह मौका पाकर वह उनके चंगुल से निकलकर अपने मायके पहुंची। परिजनों और ग्रामीणों ने देखा कि उसके सिर सहित पूरे शरीर पर गंभीर चोटों के निशान थे।

घटना की सूचना पर परिजनों ने थाना मोहम्मदपुर खाला में शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता के भाई का आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद 10 फरवरी की रात ससुराल पक्ष के लोग मायके पहुंच गए और पीड़िता के साथ मारपीट करने का प्रयास किया।

**फास्ट न्यूज**

### पांच लोगों ने युवक को लाठी डंडों से पीटा

प्रयागराज। प्रयागराज में मामूली विवाद में एक युवक को लाठी-डंडों से जमकर पीटा गया। इसके बाद उसका गला दबाने का भी प्रयास किया गया। आसपास के लोगों के दौड़ने पर हमलावर भाग निकले। घायल युवक ने इस मामले में पुलिस को तहरीर दी है, जिसके आधार पर पांच नामजद और अन्य अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है।

### प्रयागराज के नैनी में युवक की हत्या के बाद तनाव

करछना । प्रयागराज में नैनी के मड़ौका स्थित एक गेस्ट में गुरुवार को रात मामूली विवाद में युवक की हत्या किए जाने के बाद शुक्रवार को मृतक का शव पहुंचने से पहले परिजनों और ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए मड़ौका रोड जाम कर दिया। सूचना पर पहुंची नैनी पुलिस ने आक्रोशित भीड़ को शांत कराने का प्रयास किया लेकिन भीड़ उग्र होती गई। इसके बाद चार थानों में नैनी, औद्योगिक, बारा, कौंधियारा थाने की फोर्स के साथ पीएसी बल तैनात कर दिया गया। घंटों प्रयास के बाद पुलिस ने घरवालों को किसी तरह से समझा बुझाकर शांत कराया और वापस भेज दिया।

### महाशिवरात्रि पर लोधेश्वर धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

बाराबंकी। बाराबंकी। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर उत्तर भारत के प्रसिद्ध शिवतीर्थ लोधेश्वर महादेवा धाम में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। रामनगर तहसील क्षेत्र में स्थित यह प्राचीन धाम फाल्गुनी मेले के रंग में सराबोर है। इस वर्ष मेले में महिलाओं और युवतियों की भागीदारी विशेष रूप से देखने को मिल रही है।

# ‘डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला शिक्षा परियोजना समिति की बैठक’

## विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति शत प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश

**प्रार्थना सभा आधारित प्रतियोगिताएं न्याय पंचायत से जनपद स्तर तक आयोजित करने के निर्देश**

**तमसा संकेत, संवाददाता**

बाराबंकी। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित लोकस-भागार में जिला शिक्षा परियोजना समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित सभी संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों के शैक्षिक स्तर में निरंतर सुधार एवं विद्यालयों में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करना शिक्षा विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने प्रार्थना सभा के दौरान



प्रतिदिन कराए जा रहे विषय आधारित भाषण की प्रगति की समीक्षा की। जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि पूर्व बैठक में न्याय पंचायत, ब्लॉक एवं जनपद स्तर तक प्रतियोगिताएं आयोजित कराए जाने के निर्देश निर्गत किए गए थे। जिसके क्रम में न्याय पंचायत, ब्लॉक स्तर पर प्रतियोगिताएं कराई जा चुकी हैं, जनपद स्तर की प्रतियोगिताएं फरवरी माह के अंत में कराया जाना प्रस्तावित है। बैठक में बताया गया कि ये प्रतियोगिताएं तीन वर्गों में कराई गई हैं, जिसमें कक्षा 6 से 8 तक भाषण प्रतियोगिता, कक्षा 4 व 5 के लिए कहानी प्रतियोगिता तथा कक्षा 1 से 3 के विद्यार्थियों के लिए कविता प्रतियोगिता शामिल है। जिलाधिकारी ने कहा कि ब्लॉक से जनपद स्तर तक उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाए, जिससे बच्चों में आत्मविश्वास एवं अभिव्यक्ति क्षमता का विकास हो सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के सभी ब्लॉकों के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में नामित नोडल अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण किया जाए।निरीक्षण के दौरान मिलने वाली कमियों का निस्तारण आवश्यक रूप से कराया जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बच्चों के शैक्षिक स्तर में निरंतर उन्नति सुनिश्चित करना ही हम सभी का मुख्य ध्येय होना चाहिए।

## काकोरी स्टेशन पर शहीद पार्क का निरीक्षण और स्वतंत्रता सेनानियों को नमन

# आलमनगर-रोजा रेलखंड का किया गहन निरीक्षण

**चयनित रेलखंडों पर 121 किमी/घंटा की गति से सफल स्पीड ट्रायल**

**तमसा संकेत, संवाददाता**

नई दिल्ली । उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक श्री अशोक कुमार वर्मा ने आज मुरादाबाद मंडल के अंतर्गत आने वाले आलमनगर से रोजा रेलखंड का गहन निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं श्रीमती विनीता श्रीवास्तव, मंडल रेल प्रबंधक मुरादाबाद मंडल उपस्थित रहें। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य संरक्षा (Safety), परिचालन गुणवत्ता और यात्री सुविधाओं का जायजा लेना तथा उन्हें और अधिक सुदृढ़ करना था।

निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक महोदय ने आलमनगर से काकोरी, मलिहाबाद, संडीला, बालामऊ, हरदोई और रोजा सहित विभिन्न



स्टेशनों, यार्डों और रेल कॉलोनियों का विस्तृत जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने काकोरी स्टेशन पर 'शहीद पार्क' का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में काकोरी स्टेशन के ऐतिहासिक योगदान को याद किया और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

बालामऊ में उन्होंने नई क्रू लॉबी और स्वास्थ्य इकाई (Health Unit) का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने रनिंग रूम, लेवल क्रॉसिंग (फाटकों), ब्रिजों और ट्रैक कर्व का बारीकी से निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान चयनित रेल खंडों पर 121 किमी प्रति घंटे की गति से स्पीड ट्रायल सफलतापूर्वक संपन्न किया गया, जो रेलखंड की मजबूत क्षमता को दर्शाता है। हरदोई और अन्य स्टेशनों पर गैंग, यूएसएफडी (USFD) और स्मॉल ट्रैक मशीनों का निरीक्षण किया गया। महाप्रबंधक ने ट्रैक की सुरक्षा और तकनीकी मानकों पर विशेष बल दिया। रेलवे की प्राथमिकता संरक्षा और यात्री सुविधा है। आज का यह निरीक्षण परिचालन गुणवत्ता को और बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

— श्रीअशोक कुमार वर्मा,
महाप्रबंधक, उत्तर रेलवे



### कर्मचारियों से संवाद

निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने ग्राउंड स्तर पर तैनात कर्मचारियों से सीधा संवाद किया और उन्हें संरक्षा के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि रेलवे अपनी परिचालन क्षमता को आधुनिक बनाने और यात्रियों को सुरक्षित सफर देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# घाघरा नदी पर पुल निर्माण की मांग

## जर्जर विद्युत व्यवस्था का मुद्दा भी विधान परिषद में जोर-शोर से उठाया गया

**तमसा संकेत, संवाददाता**

सूरतगंज (बाराबंकी)। एमएलसी अंगद कुमार सिंह ने उत्तर प्रदेश विधान परिषद में बाराबंकी जनपद के सूरतगंज ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत जनहित के दो महत्वपूर्ण मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए सदस्यों ने हेतमापुर धाम पर घाघरा नदी पर पुल निर्माण की मांग की है। तो वहीं रानी बाजार क्षेत्र की जर्जर विद्युत व्यवस्था का मुद्दा भी विधान परिषद में जोर-शोर से उठाया गया।

सदस्यों ने कहा कि पुल के अभाव में बाराबंकी और बहराइच के लोगों को लगभग 50 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे समय और धन दोनों का भारी नुकसान होता है। सदन में प्रस्तुत वक्तव्य में बताया गया कि हेतमापुर धाम एक प्रमुख धार्मिक स्थल है, जहां प्रतिवर्ष मेले के अवसर पर लाखों श्रद्धालु विभिन्न



मार्गों से पहुंचते हैं। बहराइच की ओर से आने वाले श्रद्धालुओं को नावों के माध्यम से नदी पार करनी पड़ती है या फिर लंबा चक्कर लगाकर आना पड़ता है। इससे न केवल आवागमन में कठिनाई होती है, बल्कि दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। सदस्यों ने कहा कि इस समस्या से लाखों लोग प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से प्रभावित हैं। अतः लोक महत्व के तात्कालिक और अविलंबनीय विषय के रूप में इस प्रकरण पर सदन में विस्तृत वक्तव्य दिए जाने और शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित करने की मांग की गई है।

स्थानीय स्तर पर पिछले कई वर्षों से रानी बाजार में एक विद्युत उपकेंद्र (सब स्टेशन) स्थापित किए जाने की मांग की जाती रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इस कारण क्षेत्र की जनता में रोष और क्षोभ व्याप्त है। सदस्यों ने इसे लोक महत्व का तात्कालिक और सुनिश्चित विषय बताते हुए जनहित में रानी बाजार में शीघ्र विद्युत सब स्टेशन निर्माण की मांग की है।

### रानी बाजार में विद्युत सब स्टेशन की मांग तेज

इसी क्रम में जनपद बाराबंकी की विधानसभा रामनगर के विकास खण्ड सूरतगंज स्थित रानी बाजार क्षेत्र की जर्जर विद्युत व्यवस्था का मुद्दा भी विधान परिषद में जोर-शोर से उठाया गया। सदस्यों ने कहा कि क्षेत्र में लंबे समय से विद्युत आपूर्ति सुचारु नहीं है, जिससे विकास कार्य बाधित हो रहे हैं। किसानों को सिंचाई में दिक्कत हो रही है, छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, व्यापार-व्यवसाय ठप पड़ रहा है तथा नई परियोजनाएं स्थापित नहीं हो पा रही हैं।

### महिलाओं ने दुकान से चोरी की ज्वेलरी

गोरखपुर । गोरखपुर में पांच महिलाओं ने मिलकर सराफा दुकान से गहने चोरी कर लिए। उनके जाने के बाद दुकानदार ने जब स्टॉक का मिलान किया तो गहने गायब मिलें। उसने तुरंत CCTV फुटेज चेक किया। तब जाकर चोरी का पता चला। उसने थाने में तहरीर दी। पुलिस अब मामले की जांच में जुटी है। योगेश ने बताया- बेलीपार थाना के महातीर उपरा चौराहे पर उसकी श्याम ज्वेलर्स नाम से शॉप है। गुरुवार को पांच महिलाएं एक साथ खरीदारी के लिए पहुंची। कान के टप्स, पायल और नाक की कील दिखाने को कहा। काफी देर तक देखने के बाद उन्होंने एक-एक गहने खरीदने का दिखावा किया। बाद में बिना गहने खरीदे वहां से चली गई।

महिलाओं के जाने के बाद जब उन्होंने स्टाक का मिलान किया तो कुछ सोने के गहने गायब मिले। शक होने पर सीसी कैमरे का फुटेज देखा गया तो महिलाएं चोरी करती नजर आईं। योगेश वर्मा ने बेलीपार थाने में तहरीर देकर पुलिस को कैमरे का फुटेज भी उपलब्ध कराया है।

## शादी समारोह में दहशत फैलाने वाले वाहनों को पुलिस ने किया जब्त

**तमसा संकेत, संवाददाता**

मथुरा। थाना गोवर्धन पुलिस टीम द्वारा ग्राम देवसेरस थाना गोवर्धन मथुरा में शादी समारोह में मंहगी-मंहगी गाड़ियों को गांव में दौड़ाकर, हूटर बजाते हुए, डीजे को उच्चतम आवाज में बजाते हुए, तमंचा व अवैध हथियार को लहराकर, फायर करते हुए गांव में दहशत फैलाने वाले वाहनों में से 03 वाहनों को थाना गोवर्धन पुलिस द्वारा बरामद किया गया है तथा शेष वाहनों की तलाश की जा रही है । 10 दिसंबर 2025 को थाना गोवर्धन क्षेत्रान्तर्गत ग्राम देवसरेस में स्थानीय निवासी की पुत्री की शादी थी, जिसमें ग्राम अंगरावली कामा राजस्थान से बारात आयी थी, जिसमें ज्यादातर लोग काफी महंगी-महंगी गाड़ियां लेकर आये थे, जिनके द्वारा गांव में गाड़ियों को गलियों में घुमाया गया था, तथा गाड़ियों के ऊपर छत पर बैठकर व खड़े होकर सनरुफ से निकलर अवैध असलाह तमंचा, पिस्टल लहराते हुए व हूटर बजाते हुए गलियों से बारात को निकाला गया था, जिनके भय से गांव



के सीधे-साधे लोग दहशत में आ गये थे, तथा अपने-अपने घरों के खिड़की दरबाजे बन्द कर अपने-अपने घरों में छुप गये थे जिसके सम्बन्ध में गांव के कुछ लोगों द्वारा वीडियो भी बनाई गयी थी जो वायरल हो गयी । गोवर्धन पुलिस के द्वारा की गयी जांच में घटना का सही होना पाया गया इस घटना में कुछ वाहन प्रकाश में आये थे जिनके विरुद्ध थाना गोवर्धन जनपद मथुरा पर दिनांक 16दिसंबर 2025को मु0अ0सं0 645/2025 धारा 191(2)/191(3)/190 बीएनएस व 7 सीएलए एक्ट बनाम करीब 20 अज्ञात कार सवार व्यक्ति के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था । गोवर्धन पुलिस द्वारा दर्ज अभियोग में विधिक कार्यवाही करते हुए 03 वाहन थार को बरामद किया गया ।

**वारदात : प्रयागराज में बहन की शादी में साथियों संग की वारदात, चापड़ से वार किए**

# टॉयलेट का विरोध किया तो सिपाही ने मार डाला

**तमसा संकेत, एजेंसी**

प्रयागराज । प्रयागराज में शादी समारोह में युवक की हत्या कर दी गई। वजह यह थी कि उसने खाली प्लॉट में पेशाब करने का विरोध किया। आरोप है कि इस पर सिपाही भड़क गया। फिर उसने साथियों के साथ चापड़ और तंदूर बनाने वाली लोहे की सरिया से हमला कर दिया।

युवक पर 6-7 वार किए गए। वह खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ा। कुछ ही मिनटों में उसकी जान चली गई। वारदात के बाद आरोपी भाग गए। युवक की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा कर दिया। गेस्ट हाउस में तोड़-फोड़ की।

शव सड़क पर रखकर बैठ गए। सूचना पर पुलिस पहुंची और भीड़ को शांत कराने की कोशिश की, लेकिन परिजन आरोपियों की



सुनील कनौजिया, आरोपी — राजेश निषाद, मृतक

गिरफ्तारी पर अड़े रहे। हालांकि, बाद में अफसरों ने कार्रवाई का आश्वासन देकर मामला शांत कराया। मुख्य आरोपी सिपाही का नाम सुनील कनौजिया है। उसकी ताऊ की बेटी की शादी थी। मृतक की पहचान राजेश निषाद के रूप में हुई। घटनास्थल से 100 मीटर दूर ही उसका घर है। मामले में पुलिस ने सुनील कनौजिया समेत 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पूरी घटना गुरुवार रात नैनी थाना क्षेत्र के कुशवाहा गेस्ट हाउस के सामने हुई। मड़ौका के रहने वाले ननकऊ की बेटी की शादी गुरुवार को थी। बारात कुशवाहा गेस्ट हाउस में आई थी। देर रात 12 बजे बाराती खाना-पीना और नाच-गाना कर रहे थे।

### हत्या के बाद गेस्ट हाउस में बवाल

राजेश की मौत की खबर फैलते ही गेस्ट हाउस में अफरा-तफरी मच गई। आक्रोशित परिजनों ने हंगामा और तोड़फोड़ शुरू कर दी। सूचना पर एसीपी करछना सुनील सिंह भारी फोर्स के साथ पहुंचे। पुलिस ने पहले भीड़ को शांत कराने का प्रयास किया, फिर शव को कब्जे में लेने की कोशिश की। मगर परिजनों ने शव को हाथ नहीं लगाने दिया। उनका कहना था कि पहले आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और गिरफ्तारी हो, तभी शव उठाया जाएगा। पुलिस ने गेस्ट हाउस से 12 बारातियों को हिरासत में लिया। साथ ही तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इसके बाद भीड़ शांत हुई।

### 100 मीटर की दूरी पर था मकान

नैनी इंस्पेक्टर ब्रज किशोर गौतम ने बताया कि जिस कुशवाहा गेस्ट हाउस में बारात आई थी, वहां से 100 मीटर की दूरी पर राजेश का मकान है। उसके पास ही खाली प्लॉट है। इस प्लॉट में राजेश के माता-पिता की समाधि बनी हुई है और वहीं राजेश की गाड़ी खड़ी रहती है। बाराती इसी प्लॉट में टॉयलेट कर रहे थे। राजेश ने इसका विरोध किया तो विवाद शुरू हो गया। मारपीट में राजेश की मौत हो गई। परिजनों ने तहरीर दी है। जांच के बाद सख्त कार्रवाई की जाएगी।

एसीपी करछना सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मुख्य आरोपी सुनील कुमार कनौजिया समेत 7 लोगों को अरेस्ट कर लिया गया है।

# इंडिया स्किल कॉम्पिटिशन में एमआईईटी के छात्र हर्ष त्यागी ने लहराया परचम

**तमसा संकेत, संवाददाता**

**“ हर्ष त्यागी को साइबर सुरक्षा स्किल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उत्तर प्रदेश स्टेट स्किल डेवलपमेंट मिशन द्वारा लखनऊ में आयोजित सम्मान समारोह में उपविजेता के रूप में सम्मानित किया गया।**

मेरठ। कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय एवं स्किल इंडिया द्वारा स्टेट स्किल कंपटीशन का आयोजन लखनऊ में किया गया।इस दौरान मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एमआईईटी) के बीटेक तृतीय वर्ष के छात्र हर्ष त्यागी ने इंडिया स्किल कॉम्पिटिशन 2025-26 के अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता में उपविजेता स्थान प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया है।

यह प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वर्ल्ड स्किल कंपटीशन-2026 के रूप में आयोजित की जा रही है। हर्ष त्यागी ने संस्थान के स्किल डेवलपमेंट मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत पंजीकरण कर प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। वर्ष 2026 के लिए इस प्रतियोगिता में देशभर से 1,09,249 प्रतिभागियों ने 40 विभिन्न स्किल्स में अपना पंजीकरण



कराया, जिसके चलते उत्तर प्रदेश सर्वाधिक पंजीकरण वाला राज्य बना। संस्थान के चैयरमेन विष्णु शरण, वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल, गौरव अग्रवाल,संस्थान के डायरेक्टर प्रोफेसर डॉ एसके सिंह, रॉकी सचान और स्किल डेवलपमेंट मिशन कार्यक्रम के संचालक प्रोफेसर (डॉ.) बृजेश कुमार गुप्ता ने बधाई दी।

## अविमुक्तेश्वरानंद पर यौन शोषण का आरोप लगाया था, प्रयागराज कोर्ट सुनाएगी फैसला

# आशुतोष महाराज कोर्ट से रोते हुए बाहर निकले

**सुनवाई**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

प्रयागराज । शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के शिविर में बच्चों के यौन शोषण मामले में प्रयागराज कोर्ट में फैसला रिजर्व किया गया है। अब शाम 6 बजे तय होगा कि शंकराचार्य के खिलाफ FIR होगी या केस डिसमिस हो जाएगा।

आशुतोष महाराज खुद ही इस केस के वकील हैं, शुक्रवार दोपहर 2 बजे सुनवाई शुरू हुई। आशुतोष महाराज ने जज विनोद कुमार



चौरसिया के सामने कहा- 2 शिष्यों ने मेरे पास आकर अपने साथ हुए यौन शोषण की कहानी सुनाई। शंकराचार्य के खिलाफ FIR दर्ज करके जांच करनी चाहिए। मुझे न्यायपालिका से ही इंसाफ की उम्मीद है।

इसके बाद शंकराचार्य की तरफ से वकील ने जिरह

**बता दें कि जगद्गुरु रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के शिविर में बच्चों के यौन शोषण का आरोप लगाया है। उन्होंने 8 फरवरी को प्रयागराज की स्पेशल पॉक्सो कोर्ट में वाद (शिकायत) दायर करके कहा- गुरुकुल की आड़ में वह बाल उत्पीड़न करते हैं।**


की। कहा- ये सिर्फ आरोप हैं, हमें केस की तैयारी के लिए थोड़ा वक्त चाहिए। आशुतोष महाराज ने जज से कहा- मेरी कार को बम से उड़ाकर मुझे मारने की धमकी दी जा रही। मेरी हत्या हो सकती है। आपको यौन शोषण का शिकार हुए बच्चों के बयान सुनने चाहिए।

कोर्ट रूम से जब आशुतोष महाराज बाहर निकले, तो उनके साथ नाबालिग बच्चे भी थे। उनके चेहरे ढके हुए थे। बातचीत में आशुतोष महाराज ने कहा- बच्चों ने जज साहब के सामने सब कुछ खुलकर बोला है। कैसे शिविर में शिष्य उन्हें बताते थे कि हमारे साथ जो हो रहा यही गुरुसेवा है, आप भी ये सेवा करें।

हमारी बात कोर्ट ने सुन ली है, कई साक्ष्य रखे गए हैं। अब फैसला जज साहब को लेना है। इस सवाल पर कि आपने कोर्ट के सामने सीडी भी रखी है। आशुतोष महाराज ने कहा- ये मैं सार्वजनिक नहीं कर सकता। एक सीडी नहीं, कई हैं। वो कोर्ट की जानकारी में हैं। अब हमें फैसले का इंतजार है। जब पूछा गया आप कहां जाएंगे? उन्होंने कहा- यहां मुझे और मेरे बच्चों को खतरा है। प्रयागराज रुक नहीं पा रहा हूं, मुझे अब यहां से जाना पड़ेगा।

### कोर्ट रूम खाली कराया, जज ने बच्चों के बयान सुने

इसके बाद जज ने पॉक्सो कोर्ट रूम को खाली कराने का आदेश दिया। कमरे में सिर्फ दोनों पक्षों के वकील ही बचे। इसके बाद बच्चों को कोर्ट रूम में लाया गया। बच्चों ने जज के सामने अपने साथ हुए शोषण की कहानी सुनाई। ये सारे बयान बंद कोर्ट रूम के अंदर हुए। इन बयानों को कैमरे में रिकॉर्ड किया गया। बच्चों के बयान सुनने के बाद जज ने फैसला रिजर्व किया है। अब शाम को 5 बजे जज दोबारा कोर्ट रूम में बैठेंगे। इसके बाद ही फैसला होगा कि इस मामले में आगे क्या होगा?



श्रीकृष्ण जन्मभूमि बनाम शाही मस्जिद ईदगाह के मुख्य वादी, पक्षकार आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ने पुलिस-प्रशासन को भी लेटर लिखकर कार्रवाई की मांग की है।

## नसीमुद्दीन सिद्दीकी सपा में शामिल होंगे 20 दिन पहले छोड़ी थी कांग्रेस

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। यूपी के कद्दावर मुस्लिम नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी सपा में शामिल होंगे। वह जल्द ही इसका ऑफिशियल ऐलान करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, अखिलेश से कई राउंड में उनकी बात हो चुकी है। सपा में उन्हें पश्चिम यूपी में पार्टी का अहम पद दिया जाएगा।

महाशिवरात्रि के दिन अखिलेश यादव खुद नसीमुद्दीन, अपना दल (एस) के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाल समेत कई नेताओं को सपा की सदस्यता दिलाएंगे।

नसीमुद्दीन ने 24 जनवरी को कांग्रेस से इस्तीफा दिया था। इसके बाद से ही नसीमुद्दीन के अगले कदम पर सबकी निगाहें टिकी हुई थीं। इंटरव्यू में उन्होंने कहा था- वे फिरकापरस्तों को हराने वाली पार्टी में शामिल होंगे या नई पार्टी बनाएंगे।

बसपा से राजनीति की शुरुआत करने वाले सिद्दीकी मायावती सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। पश्चिम यूपी के मुस्लिम वोट बैंक में उनकी



अच्छी पकड़ मानी जाती है। नसीमुद्दीन के साथ 73 और कांग्रेस नेताओं ने भी कांग्रेस पार्टी छोड़ी थी। इसमें कई पूर्व विधायक भी शामिल थे। सिद्दीकी पश्चिमी उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष भी थे। सहारनपुर, मुजफ्फरनगर के आसपास के जिलों में मुस्लिम वोट बैंक पर उनकी बड़ी पकड़ मानी जाती है। इसके देखते हुए सपा ने यह दांव खेला है। अभी कांग्रेस के इमरान मसूद पश्चिमी यूपी में अधिक सक्रिय हैं। वह अक्सर सपा पर हमलावर भी रहते हैं। सपा नसीमुद्दीन के जरिए मुस्लिमों को यह संदेश देना चाहती है कि इस कौम की असली चिंता करने वाली वह एकमात्र पार्टी है। पश्चिमी यूपी में बसपा भी मुस्लिमों के बीच अपनी सक्रियता बढ़ा रही थी।

**फास्ट न्यूज**

### आगरा में लापता छात्रा का 52 घंटे बाद मिला शव

आगरा । आगरा में 52 घंटे से लापता 14 साल की छात्रा का गुरुवार रात 2 बजे यमुना के किनारे शव मिला है। शव से कुछ दूरी पर छात्रा का मोबाइल फोन बरामद हुआ। वहीं, लगभग 500 मीटर दूर आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे किनारे उसकी शॉल और चप्पल पड़ी मिली।

9वीं की छात्रा 10 फरवरी की रात करीब 10 बजे से लापता थी। परिजन पास ही एक शादी समारोह में गए थे।

### लेखपाल ने 500 रुपए की रिश्वत ली

कानपुर । कानपुर के बिधनू में लेखपाल का रुपए लेते वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल हो गया। वीडियो को संज्ञान में लेकर सदर एसडीएम ने जांच के आदेश दिए है। जांच रिपोर्ट के आधार पर लेखपाल पर कार्रवाई होगी। वीडियो वायरल होने के बाद लोग तरह तरह की प्रतिक्रिया कर रहे है। बिधनू में शुक्रवार दोपहर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर लेखपाल का रुपए लेते वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, हालांकि तमसा संकेत वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है, वीडियो कानपुर सदर तहसील क्षेत्र के कठारा गांव में तैनात लेखपाल मानिक लाल गुप्ता का बताया जा रहा है।

### मेरठ कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

मेरठ। मेरठ के जिला एवं सत्र न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली। शुक्रवार को ई-मेल के जरिए जानकारी मिलते ही को कोर्ट में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं। एहतियातन तौर पर पूरे कचहरी परिसर को तुरंत खाली कराया गया। आम लोगों और अधिवक्ताओं को सुरक्षित बाहर निकाला गया। मौके पर बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड सर्चिंग कर रहे हैं।

## गन्ना बुवाई की ओर किसानों का बढ़ा रुझान

**तमसा संकेत, संवाददाता**

बाराबंकी। सहकारी गन्ना विकास समिति लि. बाराबंकी व बलरामपुर चीनी मिल्स लि. इकाई हैदरगढ़ के क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर में एक बसंत-कालीन गन्ना बुवाई व कृषक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में कृषकों को बसंतकालीन गन्ना बुवाई की तकनीकों, उच्च उत्पादन देने वाली गन्ना प्रजाति, फसल सुरक्षा, सहफसली, ट्रैश मल्चिंग सिंचाई प्रबन्धन इत्यादि के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई।

मनोज शुक्ला, उप गन्ना प्रबंधक द्वारा गन्ना विपणन, विकास, चीनी मिल द्वारा कृषकों को उपलब्ध कराये जा रहे निवेशों इत्यादि विषयक जानकारी दी गई। व गोष्ठी में कृषकों द्वारा बताया गया कि उनके क्षेत्र में जल स्तर बहुत गहराई में है। इस संदर्भ में डॉ दुष्यन्त कुमार, जिला गन्ना



अधिकारी ने कृषकों से अपील की कि जिला में गन्ना फसल के क्षेत्रफल में वृद्धि की असीम संभावनाएं हैं। केवल गन्ना फसल का उत्पादन करके किसान लगभग 1.5 लाख प्रति हेक्टेयर, किन्तु गन्ना के साथ सहफसल बोने पर लगभग 2.00 से 2.25 लाख प्रति हेक्टेयर तथा गन्ना के साथ सह फसल व ड्रिप सिंचाई का प्रयोग करके लगभग 2.25 से 2.5 लाख रुपये की प्रति हेक्टेयर शुद्ध बचत कर सकते हैं। इससे किसानों की आय में वृद्धि होने के साथ जिला की ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी समृद्ध होगी।

## क्लर्क ने कमर से लाइसेंसी रिवॉल्वर निकालकर 2 गोलियां दागीं, एक खुद को भी लगी

# रामपुर में वकील की हत्या

**तमसा संकेत, एजेंसी**

रामपुर । रामपुर के जिला पंचायत कार्यालय में 11 फरवरी को हत्या हो गई थी। वकील की कार्यालय के बाबू ने गोली मारकर हत्या की थी। इस पूरी घटना का गुरुवार को लाइव सीसीटीवी फुटेज सामने आया है।

इसमें वकील फारुख पहले बाबू असगर अली को एक-एक कर तीन थप्पड़ मारते हैं। फिर दोनों के बीच करीब 5 मिनट तक बहस होती है। फिर फारुख जाने लगते हैं और बाबू को कुछ कह देते हैं। इस पर तैश में आकर बाबू असगर अली अपनी कमर से लाइसेंसी रिवॉल्वर निकालकर फारुख को ललकारता है। फारुख वापस आकर बाबू से भिड़ जाता है और दोनों में गुत्थमगुत्था होने जाती है। दोनों लड़ते हुए बाबू की कुर्सी पर गिरते



पहले वकील फारुख बाबू असगर अली को एक-एक कर तीन थप्पड़ मारते हैं।

हैं। इस दौरान बाबू अपने हाथ में रिवॉल्वर पकड़े रहता है। उसकी उंगली ट्रिगर पर होती है। वो ताबड़तोड़ दो गोलियां वकील के सीने में दागता है। तीसरी गोली बाबू के ही पेट पर लग जाती है। इसके बाद वो अपने ऑफिस से बाहर आता है। वकील के साथी को रिवॉल्वर दिखाकर धमकाता है। साथ ही फारुख की पत्नी को रिवॉल्टर की बट से मारते हुए भाग जाता है। वहीं, गोली लगने से घायल फारुख कुर्सी के सहारे बैठे-बैठे ही दम तोड़ देते हैं। इस पूरे मामले में पुलिस ने घायल बाबू असगर अली को हिरासत में लिया है। उसे भी एक गोली लगी थी, मुरादाबाद में उसका ऑपरेशन कराया गया है। वीडियो में गुस्से में नजर आ रहे फारुख सीधे असगर अली के पास उसके केबिन में आते दिख रहे। उनके साथ एक और साथी वकील भी आता है। बाबू अपनी कुर्सी पर बैठा है। आते ही फारुख बाबू असगर से पत्नी को लेकर कुछ कहते हैं।

**नगर कोतवाली नालापार में रहने वाले वकील फारुख (45) की पत्नी गौसिया जिला पंचायत कार्यालय में क्लर्क हैं। यहीं पर थाना पटवई क्षेत्र के मिलक तहव्वर गांव का रहने वाला असगर अली भी बाबू है। 11 फरवरी की दोपहर करीब 1 बजे गौसिया और असगर अली के बीच कुछ हॉट-टॉक हो गई थी। इस पर गौसिया ने अपने पति फारुख को फोन करके ऑफिस बुला लिया।**

### शांत होकर गए वकील तो बाबू ने ललकारा

इसके बाद ऑफिस का एक कर्मचारी आता है और बीच-बचाव करता है। मामला शांत हो जाता है और वकील फारुख जाने लगते हैं। जाते-जाते वो बाबू असगर को कुछ कह देते हैं। इस पर बाबू असगर अली भड़क जाता है। वह कमर से रिवॉल्वर निकालकर उसे अनलॉक करता है और वकील को ललकारता है। रिवॉल्वर से पहले से ही लोड होती है। वकील फारुख बाबू की ललकार सुनकर तेजी से वापस आते हैं। फिर बाबू से भिड़ जाते हैं। इस दौरान वो उसकी कमर पकड़कर उसे कुर्सी पर गिरा देते हैं। इसी दौरान बाबू वकील को दो गोली मार देता है। इस बीच एक गोली उसके पेट पर भी लग जाती है।

फायरिंग की आवाज सुनकर वकील के साथ आया साथी बीच-बचाव करने लगता है। इस पर बाबू उसे दूर रहने की धमकी देता है। बाद में जाते समय वो वकील की पत्नी गौसिया पर भी रिवॉल्वर की बट से हमला करता है। उसके बाद तेजी से निकल जाता है।

## स्थानीय निवासियों ने कैंप के आयोजन की सराहना की आभार व्यक्त किया

# निशुल्क मल्टी स्पेशलिटी मेडिकल कैंप का हुआ सफल आयोजन

**तमसा संकेत, संवाददाता**

मथुरा । बलदेव क्षेत्र के नगला कुंजी गांव में राधास्वामी सत्संग सभा दयालबाग और शरण आश्रम अस्पताल दयालबाग के चिकित्सकों द्वारा एक निशुल्क मल्टी स्पेशलिटी कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में आगरा से आए डॉक्टरों ने स्थानीय समुदाय को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए अपनी सेवाएं दीं। कैंप का उद्घाटन शरण आश्रम अस्पताल के चीफ मेडिकल ऑफिसर प्रोफेसर एसके सतसंगी एवं पूर्व अध्यक्ष, एसएन मेडिकल कॉलेज, की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर डॉ. अनूपसिंह, डॉ. रजनी, डॉ. पूजा , बलभद्र इण्टर कॉलेज से सुधाकर उपाध्याय, शरद सिन्हा,कोमल



प्रसाद की उपस्थिति में विशेषज्ञ डॉक्टर्स ने 400 के लगभग मरीजों का चेक अप कर निशुल्क दवाइयां वितरण की। स्थानीय निवासियों ने कैंप के आयोजन की सराहना की और आयोजकों और डॉक्टरों का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों का मानना है कि ऐसे कैंप से उनके स्वास्थ्य में सुधार होगा और वे चिकित्सीय मदद के लिए शहर नहीं जाना पड़ेगा। कैंप में नगला बाला, सरकंड खेड़ा, खोदुआ नगला जमुनी, पचावर आदि गांवों से चिकित्सा परीक्षण कराने मरीज आए।

समापन समारोह में नगला कुंजी से मुनेश शर्मा, गुरुशरन, भारत सिंह, जय नारायण, कालू,राकेश उपस्थित लोगों ने कैंप की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की और भविष्य में ऐसे और चिकित्सा शिविर आयोजित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

**कैंप में ग्रामीणों के लिए सामान्य स्वास्थ्य जांच, आंखों की जांच, रक्त परीक्षण, और अन्य आवश्यक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। साथ ही, डॉक्टर्स ने स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न जानकारियों एवं सावधानियों के बारे में भी लोगों को जागरूक किया।**

# बीजेपी ने कानपुर को बदनामपुर बना दिया : अखिलेश यादव

## कहा- बंद उद्योग-धंधे पहचान बने, सपा आने पर लाल इमली शुरू होगी

**तमसा संकेत, संवाददाता**

कानपुर । सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव कानपुर पहुंचे। उन्होंने कहा- भाजपा ने कानपुर को बदनामपुर बना दिया है। आज कानपुर का नाम कार पलटाने, पुलिस-वकील की गुटबाजी, एनकाउंटर की स्क्रिप्ट लिखवाने, गरीब ब्राह्मण मां-बेटी की झोपड़ी जलाने, CMO द्वारा DM के विरोध में प्रेस कांफ्रेंस करना के लिए जाना जाता है। लाल इमली का बंद होना, गंगा में भ्रष्टाचार के काले नाले गिरने के तौर पर लोग आज कानपुर को जानते हैं। भाजपा को कानपुर में जो इंफ्रास्ट्रक्चर देना चाहिए था, वह नहीं मिला। सपा सरकार आने पर कानपुर में लखनऊ से भी बेहतर रिवर फ्रंट बनेगा। लाल इमली फिर से गुलजार होगी। लेम्बोर्गिनी कांड



पर बोले कि हथेली गरम, पुलिस नरम। कहा कि वाराणसी में अहिल्याबाई की मूर्ति तोड़ी गई। वहां नेपाल नरेश ने जो घंटा दिया था। वह घंटा भी चोरी हो गया। बीजेपी बताए वह घंटा कहां है? बुंदेलखंड में जो डिफेंस कॉरिडोर बन रहा है। वहां पर कोई सुतली बम भी बन रहा हो तो मुझे कोई बताए? समाजवादी पार्टी से बीजेपी घबराई हुई है। सपा सरकार में ग्रीन पार्क में कितने मैच हुए थे और अब कितने मैच होते हैं?

अखिलेश ने कहा कि चीन पूरा बाजार कब्जा कर चुका है।

### कानपुर प्रशासन को मोतियाबिंद, जाम दिखाई नहीं देता

सिविल लाइन निवासी जिला अध्यक्ष फजल महमूद के घर पर शुक्रवार को अखिलेश यादव ने प्रेस कांफ्रेंस की। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी कानपुर का नाम जामपुर सिटी कर दें। कानपुर प्रशासन को तो मोतियाबिंद हो गया है। उन्हें जाम दिखाई नहीं देता है।

भाजपा को कानपुर में जो इंफ्रास्ट्रक्चर देना चाहिए था, वह नहीं मिला। सबसे महत्वपूर्ण बिजली है। पनकी में जो प्लांट लगा था, उससे बिजली की समस्या हल हो जाती, लेकिन वह नहीं हुआ। कानपुर में सबसे ज्यादा गुंजाइश है।

यहां बड़े पैमाने पर निवेश आ सकता है।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### लखनऊ काशी...

यही वजह है कि धमकी को पुलिस बेहद गंभीरता से ले रही है। इसलिए बम और डॉग स्क्वॉड के साथ ATS और STF को भी बुलाया गया है।

मिर्जापुर के एसपी सिटी नितेश सिंह ने बताया कि जानकारी मिलते ही चेकिंग अभियान शुरू कर जांच की जा रही है। प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। सुरक्षा के सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं।

मिर्जापुर कचहरी को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही भारी संख्या में पुलिस मौके पर पहुंची और कचहरी परिसर को खाली कराया गया। पुलिस और बम निरोधक दस्ता परिसर की जांच में जुटा हुआ है। संदिग्ध वस्तुओं और व्यक्तियों की जांच की जा रही है। न्यायालय आने-जाने वाले लोगों की चेकिंग भी बढ़ा दी गई है। अयोध्या कचहरी परिसर में बम रखे जाने की सूचना मिलते ही गुरुवार को अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड में आ गईं। एहतियातन पूरे कचहरी परिसर को तुरंत खाली कराकर आम लोगों और अधिवक्ताओं को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

### यूपी में फिर चली ...

नीलाब्जा चौधरी 2000 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। वो मौजूदा समय में अपर पुलिस महानिदेशक सीआईडी यूपी लखनऊ के पद पर तैनात थे।

इसी तरह आईपीएस अधिकारी आशुतोष कुमार का भी तबादला कर दिया गया है। वह 2001 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। आशुतोष कुमार को अपर पुलिस महानिदेशक सीआईडी यूपी लखनऊ के पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वह अभी तक अपर पुलिस महानिदेशक यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ के पद की जिम्मेदारी संभाल रहे थे।आईपीएस नीलाब्जा चौधरी पश्चिम बंगाल कोलकाता के मूल निवासी हैं। उनका जन्म 20 मई, 1975 में हुआ था। वह अपने कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। वहीं, आईपीएस आशुतोष कुमार लखनऊ के मूल निवासी हैं। उनका जन्म अगस्त, 1974 में हुआ था।

### लोकसभा में 'हरदीप ...

पहला- 28 जनवरी से 13 फरवरी तक है। दूसरा चरण 23 दिन के ब्रेक के बाद 9 मार्च से शुरू होगा, जो 2 अप्रैल तक चलेगा। इधर BJP सांसद निशिकांत दुबे ने शुक्रवार को राहुल गांधी पर आरोप लगाए कि वे सत्ता पाने के लिए देश के बंटवारे की प्लानिंग कर रहे थे।

दुबे ने X पर एक पोस्ट में लिखा- सोरोस, फोर्ड फाउंडेशन और टुकड़े-टुकड़े गैंग के सरगना राहुल गांधी जी के खिलाफ मेरे आरोप ये हैं, जिनके लिए मैंने लोकसभा स्पीकर से बहस करने की इजाज़त मांगी है। क्या लोकसभा में विपक्ष के नेता सत्ता पाने के लिए भारत के बंटवारे की प्लानिंग कर रहे हैं?

इससे पहले निशिकांत ने राहुल गांधी के खिलाफ लोकसभा में सब्सटेंसिव मोशन पेश किया है। राहुल पर देश को गुमराह करने का आरोप लगाया है। दुबे ने राहुल की संसद सदस्यता खत्म करने और चुनाव लड़ने पर लाइफटाइम बैन लगाने की मांग की है। कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने कहा कि पंजाब में किसान परेशान हैं। मंत्रीजी बताएं कि एमएसपी को लीगल कब बनाएंगे, इसका सीधा जवाब दें। इस पर शिवराज सिंह चौहान ने कहा- हमने लागत में 50 फीसदी लाभ जोड़कर एमएसपी तय की है। इनकी सरकार में ऐसा कुछ नहीं था। अब किसान फायदे में हैं। इसलिए खुश भी हैं।

### प्रधानमंत्री कार्यालय...

स्पीच से कुछ देर पहले प्रधानमंत्री ने सेवा तीर्थ कॉम्प्लेक्स की पट्टिका का अनावरण किया। दीवार पर'सेवा तीर्थ' के नीचे 'नागरिक देवो भव' लिखा गया है। प्रधानमंत्री का ऑफिस 1947 से साउथ ब्लॉक में रहा है। ये इमारत करीब 78 सालों से देश की सत्ता का केंद्र रही है। 2014 से मोदी सरकार ने ब्रिटिश शासकों के प्रतीकों से दूर जाने के लिए लगातार कदम उठाए हैं।

आज भी कई मंत्रालय अलग-अलग 50 जगहों से चल रहे हैं, जिससे हर साल लगभग 1,500 करोड़ रुपए किराए में खर्च होते हैं। सभी मंत्रालय एक जगह आने से खर्च कम होगा, समय बचेगा और कामकाज बेहतर होगा।

### 'हर व्यक्ति शंकराचार्य...

क्या कोई सपा का अध्यक्ष बनकर प्रदेश में घूम जाएगा? नहीं। एक सिस्टम है, एक व्यवस्था है।

सीएम ने कहा- देश के अंदर शंकराचार्य की पवित्र परंपरा है। जगद्गुरू शंकराचार्य ने देश के चार कोनों में चार पीठों की स्थापना की। उत्तर में ज्योतिष पीठ की स्थापना, दक्षिण में श्रृंगेरी, पूर्व में पुरी और पश्चिम में द्वारका। चार पीठ के चार वेद हैं। ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद। इनके सबके अपने मंत्र हैं। आदि जगत गुरु शंकराचार्य ने अनिवार्य किया कि जिस पीठ के लिए जो पात्र होगा, उसे परंपरा के अनुसार मान्य किया गया।

### मेरे लिए भी वही...

मर्यादाओं का पालन सबको करना होगा। अगर वह शंकराचार्य थे तो आप (सपा) लोगों ने वाराणसी में लाठी चार्ज क्यों किया था? एफआईआर क्यों लिखी थी? आप कैसी नैतिकता की बात करते हैं।

### मुख्तार के शूटर...

सूत्रों के मुताबिक, मुख्तार की मौत के बाद गैंग के भीतर वर्चस्व की लड़ाई और आपसी रंजिश चल रही थी।

शोएब वकील भी था। करीब 15 साल से कचहरी में वकालत कर रहा था। हत्या के विरोध में वकीलों ने पहले जिला अस्पताल में हंगामा किया। काफी देर तक जिला अस्पताल में हंगामा करने के बाद वकीलों ने बस अड्डे के सामने सड़क पर जाम लगा दिया। हंगामा बढ़ता देख एसपी ने वकीलों के प्रतिनिधिमंडल को कार्यालय बुलवाकर समझाया। वकीलों ने प्रार्थना पत्र देकर 48 घंटे में बॉबी के हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग की।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, शोएब लखनऊ से बाराबंकी आ रहा था। लखनऊ से निकलते ही उसकी रेकी शुरू हो गई। हाईवे पर तेज रफ्तार कार पर बदमाश हमला नहीं कर सके। जैसे ही बॉबी ने गाड़ी सर्विस लेन पर उतारी और रफ्तार कम हुई तो हमलावारों ने मौका पाकर वारदात को अंजाम दिया।

प्रत्यक्षदर्शी बोला- एक ने सामने से, दूसरे ने पास जाकर मारी गोली एक प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक, शोएब अपनी बलेनो कार से जैसे ही अयोध्या हाईवे से उतरकर बाराबंकी जाने के लिए सर्विस लेन पर आए। उनका पीछा कर रहे बाइक सवार दो हमलावर बगल से निकलकर सामने आए।

जब तक शोएब कुछ समझ पाते, तब तक एक ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसानी शुरू कर दी। दूसरा हमलावर कार की ड्राइविंग सीट वाले गेट के पास पहुंचा, उसने पास जाकर कई गोलियां मारीं। दो मिनट में पूरे हत्याकांड को अंजाम देकर हमलावर फुल स्पीड में बाइक भगाकर अयोध्या की तरफ भाग गए।

वारदात के दौरान तीन गोलियां कार के फ्रंट वाले शीशे पर लगी हैं, एक गोली बोनट और एक गोली का निशान ड्राइविंग सीट वाले गेट पर भी लगी है।

### बांग्लादेश में 20...

तारिक ने दो सीटों से चुनाव लड़ा था और दोनों पर जीत हासिल की है। वे पिछले साल दिसंबर में 17 साल बाद देश लौटे थे। बांग्लादेश में 35 साल बाद कोई पुरुष प्रधानमंत्री बनेगा। 1988 में काजी जफर अहमद प्रधानमंत्री बने थे। इसके बाद 1991 से 2024 तक देश की राजनीति में पूर्व पीएम शेख हसीना और खालिदा जिया का दबदबा रहा। ये दोनों ही प्रधानमंत्री बनती रहीं।

बांग्लादेश चुनाव में कट्टरपंथी पार्टी जमात-ए-इस्लामी बुरी तरह हारी है। उसके गठबंधन को सिर्फ 70 सीटें मिलीं हैं। शेख हसीना की सरकार गिराने वाले स्टूडेंट्स की पार्टी नेशनल सिटीजन पार्टी यानी NCP को भी बांग्लादेशियों ने नकार दिया।

## नामीबिया को 93 रनों से हराया, ईशान-पंड्या की फिफ्टी, चक्रवर्ती को 3 विकेट

# टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की लगातार दूसरी जीत

**मुकाबला**

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में नामीबिया को 93 रन से हरा दिया। टूर्नामेंट इतिहास में रनों के लिहाज से यह इंडिया की सबसे बड़ी जीत है। पिछला रिकॉर्ड 90 रन का था, जोकि इंग्लैंड के खिलाफ 2012 में बना था। भारतीय टीम ने लगातार दूसरा मैच जीतकर ग्रुप-ए के पॉइंट्स टेबल के टॉप पर जगह बना ली। भारत ने अमेरिका को पहला मैच हराया था। गुरुवार को टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने 9 विकेट के नुकसान पर 209 रन बनाए थे। भारत ने आखिरी 4 रन बनाने में 5 विकेट गंवा दिए थे। ईशान किशन ने 61 और हार्दिक पंड्या ने 52 रन बनाए। नामीबिया से कप्तान जेरार्ड इरासमस ने 4 विकेट लिए। 14वें ओवर में नामीबिया ने 100 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया। जसप्रीत बुमराह के इस ओवर से 4 रन आए। उन्होंने इस ओवर में कोई बाउंड्री नहीं दी। वरुण चक्रवर्ती ने जेजे स्मिट (जीरो) और जैन निकोल लॉफ्टी-ईटन (13 रन) को एक ही ओवर में पवेलियन भेजा। उन्होंने लौरेन स्टीनकैंप (29 रन) को भी आउट किया। 9वां ओवर अक्षर पटेल ने डाला। उनके इस ओवर में कप्तान जेरार्ड इरास्मस ने दो छक्के लगाए। उन्होंने दूसरी और चौथी बॉल पर छक्का लगाया। इस ओवर से 14 रन आए। 8वें ओवर की दूसरी बॉल पर भारतीय टीम को दूसरा विकेट मिला। यह विकेट वरुण चक्रवर्ती ने दिलाया। उन्होंने लौरेन स्टीनकैंप को बोल्ड कर दिया।



हार्दिक पंड्या प्लेयर ऑफ द मैच रहे हैं। उन्होंने 52 रन बनाए। साथ ही 2 विकेट भी झटके।

**भारत इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा लगातार मैच जीतने वाली टीम बन गई है। टीम ने वर्ल्ड कप में लगातार 10वां मैच जीता। भारत को आखिरी हार 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में एडिलेड के मैदान पर मिली थी।**



अर्शदीप का रोनाल्डो जैसा सेलिब्रेशन

### भारत पॉइंट्स टेबल में नेट रन रेट से आगे

भारतीय टीम ग्रुप-ए में 2 जीत के साथ टॉप पर है। टीम के पास 4 अंक हैं, इतने ही अंक पाकिस्तान के पास भी हैं, लेकिन पाकिस्तानी टीम का नेट रन रेट भारत से बहुत कम है। इसी वजह से टीम इंडिया नंबर-1 पर है, जबकि पाकिस्तान दूसरे स्थान पर है। नीदरलैंड एक जीत के साथ तीसरे नंबर पर है। USA और नामीबिया शुरुआती दोनों मैच हार गई हैं।

### जैन ग्रीन हिटविकेट हुए, भारत 93 रन से जीता

19वें ओवर की दूसरी बॉल पर जैन ग्रीन हिटविकेट हो गए। इसी के साथ इंडिया ने यह मैच 93 रन से जीता लिया है। 17वें ओवर की चौथी बॉल पर नामीबिया का 7वां बैटर आउट हुआ। जसप्रीत बुमराह ने रूबन ट्रम्पलमैन (6 रन) को बोल्ड कर दिया। इस ओवर से महज 5 रन आए।

# इटली की टी-20 वर्ल्ड कप में पहली जीत

नई दिल्ली, एजेंसी

इटली ने टी-20 वर्ल्ड कप में पहली जीत हासिल की है। टीम ने नेपाल को 10 विकेट से हराया। ग्रुप सी के इस मैच में इटली ने 124 रन का टारगेट 12.4 ओवर में बिना नुकसान के चेज कर दिया। मोस्का ब्रदर्स ने शतकीय साझेदारी की। जस्टिन मोस्का ने नाबाद 60 और एंथोनी मोस्का ने नाबाद 62 रन बनाए। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इटली ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। नेपाल 19.3 ओवर में 123 रन पर ऑलआउट हो गई। नेपाल के आरिफ शेख ने सबसे ज्यादा 27 रन बनाए। दीपेंद्र सिंह ऐरी 17 रन, रोहित पौडेल 23 रन और आसिफ शेख 20 रन बनाकर आउट हुए।

इटली ने टी-20 वर्ल्ड कप में पहला मैच जीत लिया है। टीम ने नेपाल को 10 विकेट से हराया। इटली ने 124 रन का टारगेट 12.4 ओवर में चेज कर लिया है।



11वें ओवर में इटली ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। जस्टिन मोस्का ने फिफ्टी पूरी की। उन्होंने एंटोनी मोस्का के साथ शतकीय साझेदारी की।

9वें ओवर में नंदन यादव ने 12 रन खर्च किए। नंदन की आखिरी बॉल पर जस्टिन मोस्का ने चौका लगाया। इससे पहले एंथोनी मोस्का ने चौथी बॉल पर छक्का लगाया। दोनों भाई हैं और 92 रन की पार्टन-रशिप कर चुके हैं।

7वें ओवर में दीपेंद्र सिंह ऐरी ने 5 रन खर्च किए। ये सभी रन सिंगल के जरिए आए। इस ओवर के बाद टीम का स्कोर 73/0 रहा।

# सम्मान : ईशान किशन को इंपैक्ट प्लेयर का अवॉर्ड

## नामीबिया के खिलाफ 24 गेंद में बनाए 61 रन

नई दिल्ली, एजेंसी

विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन को भारत-नामीबिया मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के लिए टीम इंडिया के इंपैक्ट प्लेयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। गुरुवार को दिल्ली में खेले गए टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के मैच में ईशान ने सिर्फ 24 गेंदों पर 61 रन की तूफानी पारी खेली। उनकी इस पारी में 6 चौके और 5 छक्के शामिल थे। इस विस्फोटक शुरुआत की बदौलत भारत ने 200 से ज्यादा का बड़ा स्कोर खड़ा किया।

ईशान ने पावरप्ले के आखिरी ओवर में जेजे स्मिट के एक ओवर से 28 रन बटोरे। पहली गेंद डॉट रहने के बाद उन्होंने अगली पांच गेंदों पर चार छक्के और एक चौका जड़ा।





भारत ने पहले 6 ओवर में 1 विकेट पर 86 रन बनाए, जो टी-20 इंटरनेशनल में भारत का तीसरा सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर है। इससे पहले फरवरी 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ मुंबई में भारत ने 95/1 और हाल ही में गुवाहाटी में न्यूजीलैंड के खिलाफ 94/2 का स्कोर बनाया था।

ईशान किशन ने 20 गेंदों में फिफ्टी पूरी की, जो टी-20 वर्ल्ड कप में भारत के लिए संयुक्त रूप से पांचवीं सबसे तेज अर्धशतक है। इस सूची में शीर्ष पर युवराज सिंह की 12 गेंदों की ऐतिहासिक पारी है।

उन्होंने पावरप्ले के भीतर ही अपना अर्धशतक पूरा कर लिया और ऐसा करने वाले भारतीय बल्लेबाजों की सूची में शामिल हो गए। उनसे पहले रोहित शर्मा और केएल राहुल यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। सितंबर 2025 के एशिया कप से अब तक भारतीय बल्लेबाजों ने पावरप्ले में 162.93 की स्ट्राइक रेट से 960 रन बनाए हैं।

## 2019 से टीम के साथ हैं ■ संजू सैमसन ट्रेड होकर सीएसके चले गए थे

# रियान पराग राजस्थान रॉयल्स के नए कप्तान होंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

IPL 2026 से पहले राजस्थान रॉयल्स (RR) की टीम ने ऑलरा-उंडर रियान पराग को टीम का अगला कप्तान नियुक्त किया है। यह फैसला संजू सैमसन के चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) में चले जाने के बाद लिया गया है। 2026 के लिए हुए IPL के मिनी ऑक्शन से पहले संजू सैमसन ट्रेड विंडो के जरिये सीएसके में चले गए थे। सीएसके ने इसके बदले रवींद्र जडेजा और सैम करन जैसे दो ऑलराउंडर राजस्थान रॉयल्स को दिया था।

24 साल के रियान पराग पिछले सात सीजन से राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा थे। संजू सैमसन ने पिछले सीजन के बाद फ्रेंचाइजी छोड़ने की इच्छा जताई थी, जिसके बाद टीम मैनेजमेंट ने भविष्य को देखते हुए पराग पर भरोसा जताया है। राजस्थान रॉयल्स IPL 2026 में पूरी तरह से नए कलेवर में नजर आएगी। न सिर्फ टीम का कप्तान बदला है, बल्कि राहुल द्रविड भी 2025 सीजन के बाद फ्रेंचाइजी से अलग हो चुके हैं। कुमार संगाकारा और रियान पराग की जोड़ी पर अब टीम को फिर से पटरी पर लाने की जिम्मेदारी होगी। ट्रेड विंडो के जरिए आए रविंद्र जडेजा और सैम करन टीम के लोअर मिडिल ऑर्डर और गेंदबाजी को मजबूती देंगे।

संजू 2015 में कोलकाता नाइट राइडर्स से रिलीज होकर राजस्थान से जुड़े थे और तब से इस फ्रेंचाइजी का चेहरा बन चुके हैं। सिर्फ 2016 और 2017 में टीम के निलंबन के दौरान नहीं खेले। उन्होंने राजस्थान की ओर से 149 मैच खेले और 4027 रन बनाए हैं।



रियान पराग पिछले साल संजू सैमसन की गैर मौजूदगी में 8 मैचों में टीम की कप्तानी की थी।

**रियान पराग ने 2019 में राजस्थान रॉयल्स के लिए डेब्यू किया था। शुरुआत में खराब फॉर्म की वजह से उन्हें काफी ट्रोल भी किया गया, लेकिन 2024 का सीजन उनके लिए गेम चेंजर साबित हुआ।**

### हेड कोच संगाकारा ने इंटरव्यू के बाद फाइनल किया नाम

रिपोर्ट्स के मुताबिक, राज-स्थान रॉयल्स के हेड कोच कुमार संगाकारा ने कप्तान के चुनाव के लिए कई खिलाड़ियों के इंटरव्यू लिए थे। लंबी बातचीत और लीडरशिप क्वालिटी को परखने के बाद रियान पराग के नाम पर मुहर लगाई गई। पराग के सामने चुनौती बड़ी होगी क्योंकि रॉयल्स का पिछला सीजन काफी खराब रहा था। 2025 में टीम 14 में से सिर्फ 4 मैच जीत पाई थी और पॉइंट्स टेबल में नीचे से दूसरे नंबर पर रही थी।

### पिछले साल 8 मैचों में कप्तानी कर चुके हैं पराग

रियान पराग के लिए कप्तानी का अनुभव नया नहीं है। IPL 2025 के दौरान जब संजू सैमसन चोट की वजह से 8 मैचों से बाहर रहे थे, तब पराग ने ही टीम की कमान संभाली थी। हालांकि, उन 8 मैचों में टीम को सिर्फ 2 जीत मिली थी, लेकिन बतौर बल्लेबाज पराग ने प्रभावित किया था। उन्होंने कप्तानी के दौरान 38.57 की औसत से रन बनाए थे, जिसमें कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) के खिलाफ ईडन गार्डन्स में खेली गई 95 रनों की पारी उनके करियर का बेस्ट स्कोर है।

## मनोरंजन

# जेल में राजपाल यादव को नहीं मिल रही वीआईपी सुविधा

## आम कैदियों जैसा है रूटीन, साथी कैदियों को सुना रहे कॉमेडी डायलॉग

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर राजपाल यादव चेक बाउंस मामले में तिहाड़ जेल में बंद हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, शुरुआती 24 घंटे वह काफी शांत रहे, लेकिन अब जेल में साथी कैदियों के साथ घुलमिल गए हैं और उन्हें हंसी-ठहाकों से गुदगुदा रहे हैं। बताया जा रहा है कि कैदियों की मांग पर वह अपनी फिल्मों के कॉमेडी डायलॉग भी सुनाते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, राजपाल यादव जेल नंबर-2 में हैं। उनका रूटीन अन्य कैदियों की तरह ही है। सुबह बैरक से बाहर निकलना, फ्रेश होने के बाद नाश्ता करना और शाम 7 बजे डिनर। वह रात करीब 10 बजे सो जाते हैं और सुबह 5-6 बजे उठते हैं। उन्हें किसी प्रकार की वीआईपी सुविधा नहीं दी जा रही है। जेल नियमों के अनुसार, जो मेन्यू सभी कैदियों के लिए तय होता है, वही उन्हें भी मिलता है, जिसमें दाल, सब्जी, रोटी और चावल शामिल हैं। बताया जाता है कि जब कोई कैदी उनसे जेल आने का कारण पूछता है, तो वह खुलकर जवाब देते हैं।



### राजपाल यादव की जमानत याचिका खारिज

राजपाल यादव ने चेक बाउंस मामले में दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के बाद जेल में सरेंडर किया था। गुरुवार को उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई हुई, लेकिन कोर्ट ने उन्हें जमानत देने से मना कर दिया और कहा, आप जेल इसलिए गए क्योंकि आपने अपना वादा पूरा नहीं किया। अब इस मामले में अगली सुनवाई सोमवार को होगी।



## धनुष संग शादी की अफवाह पर बोलीं मृणाल ठाकुर

# ‘अफवाहें खबर नहीं होती’

नई दिल्ली। साउथ स्टार धनुष के साथ शादी की अफवाहों के बीच एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। खास बातचीत में मृणाल ने साफ कहा कि सोशल मीडिया और खबरों में चल रही चर्चाओं से अब उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता, लेकिन पहले इन बातों का असर होता था।

मृणाल ने कहा, “यह अंदर की दुनिया है और बाहर की दुनिया का अपना एक अलग परसेप्शन होता है। कभी मुझे पता चलता है कि मेरी शादी होने वाली है, कभी सुनने को मिलता है कि यह होने वाला है, वह होने वाला है। मैं खुद इन बातों से वाकिफ नहीं होती थी। पहले इन सबसे बहुत फर्क पड़ता था, लेकिन अब मैं इन पर हंसती हूं।”

उन्होंने आगे कहा कि अगर उन्हें अपनी निजी जिंदगी या किसी खास बात की जानकारी देनी होगी, तो वह खुद अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर साझा करेंगी। मृणाल ठाकुर ने कहा, “अफवाहें खबर नहीं होतीं। एक पत्रकार के रूप में यह जिम्मेदारी बनती है कि किसी भी खबर को प्रकाशित करने से पहले मुझसे या मेरी टीम से पुष्टि की जाए।”



धनुष संग शादी की खबरों से मृणाल ठाकुर खूब चर्चा में रहीं हैं।

### फिल्मों को लेकर भी फैलती हैं अफवाहें

एक्ट्रेस ने यह भी कहा कि कई फिल्मों से उनका नाम जोड़ दिया जाता है, जबकि उन्हें उन प्रोजेक्ट्स के लिए संपर्क तक नहीं किया गया होता। बाद में खबरें आती हैं कि मैंने ज्यादा फीस मांग ली, इसलिए फिल्म नहीं की। मृणाल ठाकुर ने सवाल उठाते हुए कहा, ‘’ये बातचीत कहां हो रही है? क्यों हो रही है? किसी कलाकार की छवि खराब क्यों की जा रही है? जब कोई तथाकथित प्रामाणिक अफवाह चल रही हो, तो क्या एक बार संबंधित कलाकार से पूछ लेना जरूरी नहीं समझा जाता?”

## लॉरेंस गैंग ने जिम्मेदारी ली, कहा- तुम्हारी सात पुश्तें भी हमारा कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगी



# रणवीर सिंह-रोहित शेट्टी को फिर मिली धमकी

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह और फिल्ममेकर रोहित शेट्टी को एक बार फिर धमकी मिली है। लॉरेंस गैंग से जुड़े गैंगस्टर हैरी बॉक्सर के नाम से यह धमकी दी गई है। इससे पहले रोहित शेट्टी के घर पर हुई पांच राउंड फायरिंग की घटना के बाद 10 फरवरी को रणवीर सिंह को पहली धमकी मिली थी। पुलिस में शिकायत दर्ज कराने को लेकर दोनों को दोबारा धमकाया गया है। कथित धमकी संदेश में रणवीर सिंह का नाम लेते हुए कहा गया कि उन्होंने ही रोहित शेट्टी को शिकायत करने की सलाह दी थी। संदेश में उनके मैनेजरों और परिवार की गतिविधियों की जानकारी होने का दावा करते हुए गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी गई है, जिसमें कहा गया है कि अब हम तुम्हें दिखाएंगे कि हमारी ताकत के आगे तुम्हारी सात पुश्तें भी कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगी।

तुम्हारे सभी मैनेजर कहां रहते हैं, कब आते-जाते हैं और परिवार कहां रहता है सब पता है। एक-एक मैनेजर को निशाना बनाना शुरू करेंगे, वरना संभल जाओ।

इसके साथ ही पुर्तगाल में भारतीय लोगों के पासपोर्ट जब्त करने के मामले में हुई फायरिंग की जिम्मेदारी लेने का भी दावा किया गया है। इस पोस्ट में लिखा गया है, ₹सभी भाइयों को आज जो ये मुंबई में (शेट्टी टावर) फिल्म डायरेक्टर रोहित शेट्टी के घर पर फायरिंग हुई है, उसकी जिम्मेदारी शुभम लोनकर, आरजू बिश्नोई, हरि बॉक्सर, हरमन संधू हम लेते हैं। हमने इसको बहुत बार मैसेज लगाया कि हमारे काम में दखल ना दे, लेकिन इसको समझ में नहीं आया। इसको ये छोटा सा ट्रेलर दिया है।



### देर रात हुई थी रोहित शेट्टी के घर पर फायरिंग

मुंबई में 31 जनवरी की देर रात फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के घर के बाहर पांच राउंड की फायरिंग हुई थी। मामले में पुणे पुलिस ने रविवार को चार लोगों को हिरासत में लिया था।

पुलिस के मुताबिक, हमलावरों ने मुंबई के जुहू इलाके में स्थित नौ मंजिला इमारत की पहली मंजिल पर रात करीब 12:45 बजे फायरिंग की। उन्होंने बताया था कि कम से कम पांच राउंड गोलियां चलाई गईं, जिनमें से एक गोली इमारत में बने जिम के शीशे से टकराई। वहीं, इंडिया टुडे ने अपनी रिपोर्ट में एक स्क्रीनशॉट शेयर कर दावा किया था कि लॉरेंस गैंग ने हमले की जिम्मेदारी ली है। यह स्क्रीनशॉट शुभम लोंकर आरजू बिश्नोई नाम के अकाउंट की फेसबुक पोस्ट का है।



**हालांकि, लॉरेंस बिश्नोई गैंग और हैरी बॉक्सर की ओर से कथित तौर पर जारी इस ऑडियो मैसेज को लेकर मुंबई पुलिस सतर्क रुख अपनाए हुए है। मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह ऑडियो मैसेज सबसे पहले मीडिया के माध्यम से सामने आया है और पुलिस तक भी इसी जरिए पहुंचा। यह ऑडियो वास्तव में किसी गैंग से जुड़े व्यक्ति का है या नहीं, इसकी पुष्टि जांच के बाद ही की जा सकेगी।**

# इमरान की एक आंख की 85% रोशनी खत्म

## कोर्ट के ऑर्डर पर हुई जांच, पूर्व पाक पीएम बोले- प्राइवेट इलाज की इजाजत नहीं

जांच

**ढाका, एजेंसी**

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की एक आंख की करीब 85% रोशनी चली गई है। यह खुलासा पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर हुई जांच में हुआ है।

सुप्रीम कोर्ट की तरफ से नियुक्त वकील सलमान सफदर ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि इमरान खान जेल प्रशासन से कई महीनों आंखों में धुंधलापन होने की शिकायत कर रहे थे। अक्टूबर 2025 तक उनकी नजर सामान्य थी, लेकिन बाद में दाईं आंख की रोशनी अचानक चली गई। जांच के दौरान पिम्स अस्पताल के एक आई एक्सपर्ट को बुलाया गया। डॉक्टरों ने पाया कि उनकी आंख में खून का थक्का जम गया था, जिससे गंभीर नुकसान हुआ।

इलाज और इंजेक्शन देने के बाद भी उनकी दाईं आंख में अब सिर्फ लगभग 15% रोशनी बची है। वहीं


इमरान खान भ्रष्टाचार के मामले में 2023 से पाकिस्तान की अडियाला जेल में बंद हैं। (फाइल फोटो)

इमरान का कहना है उन्हें निजी डॉक्टर से इलाज कराने की इजाजत नहीं दी गई है। रिपोर्ट के अंत में चेतावनी दी गई है कि अगर तुरंत बेहतर मेडिकल जांच, साथ ही परिवार और वकीलों से मिलने की सुविधा बहाल नहीं की गई, तो उनकी सेहत को और गंभीर खतरा हो सकता है। इमरान खान की पार्टी PTI ने पिछले महीने बताया था कि इमरान खान की दाहिनी आंख में सेंट्रल रेटिनल वेन ऑक्लूजन (CRVO) नाम की बीमारी पाई गई है। पार्टी ने कहा था कि मेडिकल एक्सपर्ट्स की राय में सही इलाज नहीं मिलने पर इमरान की आंखों की रोशनी हमेशा के लिए जा सकती है। CRVO आंख की एक गंभीर बीमारी है। इसमें आंख के अंदर मौजूद रेटिना से खून बाहर ले जाने वाली मुख्य नस में ब्लॉकेज हो जाता है। रेटिना आंख का वह हिस्सा है, जो देखने का काम करता है। नस बंद होने के बाद खून रेटिना में जमा होने लगता है। इससे सूजन आती है और खून का रिसाव भी हो सकता है। अगर यह स्थिति लंबे समय तक बनी रही, तो रेटिना को स्थायी नुकसान पहुंच सकता है।

### रिपोर्ट- इमरान खान मानसिक दबाव से जूझ रहे

रिपोर्ट के मुताबिक, अक्टूबर 2023 से इमरान खान को अडियाला जेल में लगातार अलग-थलग रखा गया है। उनके वकील ने मुलाकात के बाद बताया कि वो काफी परेशान और मानसिक रूप से दबाव में नजर आए।

73 साल के इमरान खान ने यह भी कहा कि उन्हें अपने निजी डॉक्टरों से इलाज कराने की इजाजत नहीं दी गई। उनका रेगुलर ब्लड टेस्ट भी नहीं हुआ। यहां तक कि दो साल में उन्हें दांतों के डॉक्टर के पास भी नहीं ले जाया गया, जबकि उन्होंने कई बार इसकी मांग की थी।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि उनके परिवार और वकीलों से मिलने पर भी पाबंदियां लगाई गईं। अदालत के आदेश के बावजूद उनकी बहनों को नियमित रूप से मिलने नहीं दिया गया। हालांकि हाल ही में जेल प्रशासन बदलने के बाद अब उन्हें अपनी पत्नी से हफ्ते में एक बार 30 मिनट मिलने की इजाजत मिली है।

उनके बेटों कासिम और सुलेमान से 2025 में सिर्फ दो बार फोन पर बात करने दी गई। पिछले पांच महीनों से उन्हें अपने मुख्य वकील और कानूनी टीम से भी मिलने नहीं दिया गया।


इमरान खान को अगस्त 2023 में पुलिस ने गिरफ्तार किया था। वे तब से जेल में बंद हैं। (फाइल फोटो)

# 'शक्तिशाली भारत, चीन का मुकाबला करने के लिए बेहद जरूरी'

## अमेरिका के शीर्ष अधिकारी का बड़ा बयान

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

उन्होंने यह बातें बुधवार को दक्षिण और मध्य एशिया पर बनी एक सब-कमेटी की बैठक में कहीं। इस बैठक का मकसद इलाके में अमेरिका की विदेश नीति की जांच करना था। जब उनसे पूछा गया कि भारत इंडो-पैसिफिक इलाके में तेजी से आक्रामक होते चीन का मुकाबला करने के लिए अमेरिकी कोशिशों में कैसे मदद करेगा। इस पर उन्होंने कहा कि भारत का आजाद रहना, अपने पैरों पर खड़ा होना और अपने काम करने की आजादी को बनाए रखना, अमेरिका के रणनीतिक फायदे के लिए है। उन्होंने साफ किया कि अमेरिका का मकसद चीन को पूरी तरह बाहर निकालना नहीं, बल्कि उसे मनमानी करने से रोकना है। कपूर ने इस बात पर जोर दिया कि भारत को आर्थिक और सैन्य रूप से मजबूत होना चाहिए। इससे चीन पर भारत की निर्भरता कम होगी। उन्होंने कहा कि एक आजाद और



खुशहाल भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र का एक बड़ा हिस्सा चीन के प्रभाव से बचा लेगा, जो अमेरिका के लिए एक बड़ी जीत होगी।

हालांकि, कैलिफोर्निया की प्रतिनिधि कामलागर-डोव ने ट्रंप सरकार के कुछ फैसलों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि भारत पर भारी टैक्स लगाने और बैठकों में देरी करने से दोनों देशों के बीच भरोसे को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन कदमों से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका की स्थिति कमजोर हुई है।

इन आलोचनाओं के बीच कपूर ने कहा कि भारत और अमेरिका के संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं।

फास्ट न्यूज

### सेंसेक्स 1,048 अंक गिरकर 82,627 पर बंद

मुंबई। शेयर बाजार में आज यानी 13 फरवरी को गिरावट रही। सेंसेक्स 1048 अंक नीचे 82,627 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 336 अंक की गिरावट रही, ये 25,471 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 28 में गिरावट रही। वहीं निफ्टी-50 के 45 शेयरों में बिकवाली रही। आज मेटल, IT और एनर्जी शेयर्स में ज्यादा गिरावट रही।

### अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड से हार्ट अटैक और स्ट्रोक का जोखिम 47 फीसदी अधिक

वाशिंगटन/ नई दिल्ली । अमेरिका में रोजमर्रा की डाइट का बड़ा हिस्सा बन चुके अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स अब सीधे तौर पर दिल की बीमारियों से जुड़े पाए गए हैं। फ्लोरिडा अटलांटिक यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर पाया है कि जो वयस्क सबसे ज्यादा अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ खाते हैं, उनमें हार्ट अटैक या स्ट्रोक का खतरा 47% तक अधिक है। उम्र, धूम्रपान और आय जैसे कारकों को समायोजित करने के बाद भी यह जोखिम बना रहा।

### 'मिलकर काम करने के लिए उत्सुक'

इस्लामाबाद । बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) को प्रचंड बहुमत मिला है। 300 सीटों में 200 से ज्यादा सीटें जीतकर बीएनपी सत्ता में आ रही है। ऐसे में तारिक रहमान प्रधानमंत्री बनने के लिए तैयार हैं। इस बीच भारत के बाद अब पाकिस्तान ने भी बीएनपी की जीत पर बधाई दी है। पाकिस्तान के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व ने शुक्रवार को बीएनपी और पार्टी नेता तारिक रहमान को संसदीय चुनावों में भारी बहुमत हासिल करने पर बधाई दी।

# चीन में जमीन के अंदर समा गई सड़क खुल गया पाताल का रास्ता

## शंघाई में व्यस्त सड़क पर अचानक बड़ा सिंकहोल बना

**नरम मिट्टी, भूजल दोहन और निर्माण कार्य मुख्य कारण।चीन में 72% सिंकहोल मानव गतिविधियों से संबंधित**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

चीन के शंघाई शहर में एक व्यस्त सड़क पर अचानक बड़ा सिंकहोल बन गया। यह पूरी घटना पास लगे सुरक्षा कैमरों में रिकॉर्ड हो गई। वीडियो में साफ दिख रहा है कि सड़क का बड़ा हिस्सा अचानक नीचे धंस जाता है और आसपास की संरचनाएं भी उसमें समा जाती है, जिससे वहां एक बड़ा गड्ढा बन गया।

शंघाई में जमीन धंसने का खतरा



पहले से बना रहता है। इसका मुख्य कारण वहां की नरम मिट्टी, भूजल का ज्यादा दोहन, पतली रेत की परतें और निर्माण कार्यों के करण जमीन के नीचे बने खाली स्थान हैं। ये सभी वजहें मिलकर कभी छोटे गड्ढे तो कभी बड़े सिंकहोल जैसी घटनाएं पैदा करती हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार, शंघाई की जमीन मुख्य रूप से नदी द्वारा लाई गई मिट्टी से बनी है। ऐसी मिट्टी भारी निर्माण और पानी के ज्यादा इस्तेमाल को लंबे समय तक सहन नहीं कर पाती। जब जमीन के नीचे खाली जगह बन जाती है या पाइपलाइन जैसी संरचनाएं कमजोर हो जाती हैं, तो सड़क अचानक धंस सकती है। जनवरी 2024 में भी मिनहांग जिले में एक सड़क करीब 10 मीटर धंस गई थी। यह घटना सीवेज पाइप फेल होने के कारण हुई थी। हालांकि उस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ था। 2017 से 2023 के बीच आंकड़ों के अनुसार, चीन में हुए 72% सिंकहोल मानव गतिविधियों से जुड़े पाए गए। इनमें खराब इंफ्रास्ट्रक्चर, निर्माण में खामियां और पाइपलाइन की खराबी जैसी वजहें शामिल हैं।

### पालावान में जहरीले समुद्री जीव से पहले भी मौतें, फिलीपींस प्रशासन ने जारी किया अलर्ट

# फूड इन्फ्लुएंसर की 'डेविल क्रैब' खाने से हुई मौत

घटना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

फिलीपींस के पालावान प्रांत में एक दुखद घटना सामने आई है। यहां एक फूड इन्फ्लुएंसर की कथित तौर पर एक जहरीले समुद्री जीव 'डेविल क्रैब' को खाने के बाद मौत हो गई। अधिकारियों ने लोगों से ऐसे खतरनाक समुद्री जीवों को न खाने और सावधानी बरतने की अपील की है। लुज़विमिंडा गांव के प्रमुख लड्डी जेमांग ने बताया कि जब अधिकारी एमा के घर पहुंचे तो उन्हें कूड़े में 'डेविल क्रैब' के चमकीले खोल मिले। इसके बाद मामले की जांच शुरू की गई। यह केकड़ा



इंडो-पैसिफिक क्षेत्र की रीफ में पाया जाता है। इसमें सैक्सिटॉक्सिन और टेट्रोडोटॉक्सिन जैसे खतरनाक न्यूरोटॉक्सिन पाए जाते हैं। यही जहर पफर फिश में भी होता है। विशेषज्ञों के अनुसार, इन जहरों को खाने से कुछ ही घंटों में मौत हो सकती है। जेमांग ने कहा कि एमा और उनके पति अनुभवी मछुआरे थे, इसलिए यह घटना और भी दुखद है। उन्होंने हैरानी जताई कि समुद्र किनारे रहने के बावजूद उन्होंने ऐसा खतरनाक जीव क्यों खाया। घटना के बाद स्थानीय प्रशासन ने लोगों को रंग-बिरंगे 'डेविल क्रैब' न खाने की सख्त चेतावनी दी है। अधिकारियों के मुताबिक, इस जीव से इलाके में पहले भी दो मौतें हो चुकी हैं। जेमांग ने लोगों से कहा, ₹प्यूर्टो प्रिंसेसा के निवासियों से मेरी अपील है कि सतर्क रहें। इन खतरनाक डेविल क्रैब को न खाएं। अपनी जिंदगी के साथ जुआ मत खेलिए।

### एमा को पड़ा दौरा

बाद में उन्होंने इन समुद्री जीवों को नारियल के दूध में पकाया। वीडियो में एमा एक सी स्नेल (समुद्री घोंघा) खाते हुए दिखीं, जिसे दूसरे समुद्री जीवों के साथ पकाया गया था। अगले ही दिन एमा की तबीयत अचानक बहुत खराब हो गई।

उन्हें अस्पताल ले जाते समय दौरे पड़े। हालत बिगड़ने पर उन्हें दूसरे अस्पताल में शिफ्ट किया गया। बताया गया कि बेहोशी के दौरान उनके होंठ नीले पड़ गए थे। इलाज के बावजूद 6 फरवरी को, यानी जहरीला समुद्री जीव खाने के दो दिन बाद उनकी मौत हो गई।

**एमा अमित नाम की महिला ने 4 फरवरी को अपने घर के पास प्यूर्टो प्रिंसेसा शहर में एक वीडियो बनाते समय यह जहरीला शेलफिश खाया था। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, वीडियो में एमा और उनके दोस्त मैंग्रोव जंगल में समुद्री जीव इकट्ठा करते नजर आए थे।**

### बीजिंग दौरे पर पिता के साथ दिखी थीं, पब्लिक प्रोग्राम्स में भी नजर आ रहीं

# दावा : किम जोंग ने 13 साल की बेटी को उत्तराधिकारी चुना

**सिओल, एजेंसी**

उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने अपनी 13 साल की बेटी किम जू ऐ को अपना उत्तराधिकारी चुन लिया है। दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने गुरुवार को सांसदों को दी गई जानकारी में यह दावा किया। दक्षिण कोरिया की नेशनल इंटेलिजेंस सर्विस (NIS) ने कहा कि किम जू ऐ की लगातार बढ़ती सार्वजनिक मौजूदगी को देखते हुए यह आकलन किया गया है। NIS ने कहा कि उसने "कई परिस्थितियों" को ध्यान में रखते हुए यह निष्कर्ष निकाला है। इनमें आधिकारिक कार्यक्रमों में किम जू ऐ की प्रमुख उपस्थिति भी शामिल है। हाल के महीनों में जू ऐ कई बड़े कार्यक्रमों में


हाल के महीनों में जू ऐ कई बड़े कार्यक्रमों में अपने पिता के साथ नजर आई हैं।

अपने पिता के साथ नजर आई हैं। सितंबर में बीजिंग दौरे के दौरान भी वह किम जोंग उन के साथ दिखी थीं। यह उनका पहला विदेशी दौरा था, जिसकी जानकारी सामने आई। ली ने कहा, "किम जू ऐ कई बड़े कार्यक्रमों में अपने पिता के साथ दिखी हैं। वह कोरियाई पीपुल्स आर्मी की स्थापना दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुईं और कुमसुसान पैलेस ऑफ द सन भी गईं। कुछ सरकारी नीतियों पर उनकी राय सामने आने के संकेत भी मिले हैं। इन सब बातों को देखते हुए NIS मानती है कि अब उन्हें उत्तराधिकारी के तौर पर नामित कर दिया गया है।"

### बेटी को उत्तराधिकारी बनाने का संकेत दे रहे थे किम जोंग

किम जू ऐ की चीन यात्रा ने सवाल खड़े किए थे कि क्या किम अपनी बेटी को भविष्य के उत्तराधिकारी के तौर पर तैयार कर रहे हैं। एक्सपर्ट्स का भी मानना था कि जू को को चीन ले जाना उनकी बढ़ती हैसियत का संकेत है। बीजिंग रेलवे स्टेशन पर उन्हें अपने पिता के साथ खड़ा देखकर यह साफ हो गया था कि विदेश में भी उन्हें उत्तर कोरिया का नंबर 2 माना जा रहा है।



### एनआईएस पार्टी सम्मेलन पर नजर रखेगी

NIS ने यह भी कहा है कि वह इस बात पर नजर रखेगी कि क्या जू ऐ इस महीने होने वाली पार्टी सम्मेलन में शामिल होती हैं। यह उत्तर कोरिया का सबसे बड़ा राजनीतिक कार्यक्रम है, जो हर पांच साल में एक बार होता है।

इसी पार्टी सम्मेलन में प्योंगयांग अगले पांच साल के लिए अपनी प्राथमिकताओं जैसे- विदेश नीति, युद्ध की तैयारी और परमाणु कार्यक्रम पर विस्तार से जानकारी दे सकता है।

दक्षिण कोरिया के सांसद ली सोंग-क्वेन ने गुरुवार को पत्रकारों से कहा कि NIS पहले जू ऐ को "उत्तराधिकारी बनने की ट्रेनिंग ले रही" बता चुकी है। अब एजेंसी का मानना है कि वह "औपचारिक तौर पर उत्तराधिकारी घोषित" किए जाने के चरण में पहुंच गई हैं।

# चांदी दो दिन में 24 हजार सस्ती हुई एक किलो चांदी 2.42 लाख पर आई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सोने-चांदी के दाम में आज यानी 13 फरवरी को लगातार दूसरे दिन गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, एक किलो चांदी की कीमत 17,188 रुपए कम होकर 2,41,945 रुपए पर आ गई है।

इससे पहले गुरुवार को ये 2,59,133 रुपए किलो थी। वहीं 2 दिन में इसकी कीमत 24 हजार रुपए गिर चुकी है। 11 फरवरी को चांदी 2,66,449 रुपए किलो वा थी। वहीं, आज 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 2,899 रुपए गिरकर 1,52,751 रुपए पर आ गई है। इससे पहले गुरुवार को ये 1,55,650 रुपए प्रति 10 ग्राम था। सर्राफा बाजार में 29 जनवरी को सोने ने 1,76,121 रुपए और चांदी ने 3,85,933 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

इस साल अब तक सोने की कीमत 22,455 रुपए बढ़ चुकी है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम 24



कैरेट सोना 1,33,195 रुपए का था, जो अब 1,52,751 रुपए हो गया है।

वहीं, चांदी 28,713 रुपए महंगी हो गई है। 31 दिसंबर 2025 को एक किलो चांदी की कीमत 2,30,420 रुपए थी, जो अब 2,41,945 रुपए प्रति किलो पहुंच गई है। 2025 में सोना 57 हजार रुपए (75%) बढ़ा है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो 31 दिसंबर 2025 को 1,33,195 रुपए हो गया। चांदी इस दौरान 1.44 लाख रुपए (167%) बढ़ी। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी 86,017 रुपए की थी, जो साल के आखिरी दिन 2,30,420 रुपए प्रति किलो हो गई।

### सुनवाई : घर खरीदारों की मदद नहीं हो रही, केवल डिफॉल्टर बिल्डरों को फायदा पहुंच रहा

# रेरा को बंद कर देना ही बेहतर : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी के कामकाज पर सवाल उठाते हुए कहा कि इसे बंद कर देना ही बेहतर है। हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के एक फैसले के खिलाफ सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जोयमाल्य बागची की बेंच ने ये बात कही। कोर्ट ने कहा कि अब समय आ गया है कि राज्य सरकारें रेरा के गठन पर दोबारा विचार करें। यह संस्था खरीदारों की मदद के बजाय केवल डिफॉल्टर बिल्डरों को फायदा पहुंचा रही है। कोर्ट ने कहा कि जिस उद्देश्य के लिए रेरा बनाया गया था, वह पूरी तरह भटक गया है।



सुनवाई के दौरान जब बेंच को बताया गया कि रेरा में एक रिटायर्ड आईएएस अधिकारी को नियुक्त किया गया है, तो चीफ जस्टिस ने कहा- हर राज्य में यह रिटायर्ड नौकरशाहों के लिए एक 'रिहैबिलिटेशन सेंटर' बन गया है। इन अथॉरिटीज में सिर्फ ऐसे ही लोग भरे हुए हैं। चीफ जस्टिस ने कहा- जिन लोगों यानी होमबायर्स के लिए यह संस्था बनाई गई थी, वे आज पूरी तरह निराश और दुखी हैं। उन्हें कोई राहत नहीं मिल रही है। होमबायर्स की संस्था 'फोरम फॉर पीपल्स कलेक्टिव एफर्ट्स' (FPCE) ने सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों पर कहा- रेरा कानून को आए 9 साल हो गए हैं, लेकिन आज भी इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि रेरा-रजिस्टर्ड प्रोजेक्ट समय पर पूरा होगा। अगर रेरा खरीदारों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर सकता, तो इसमें बड़े सुधार की जरूरत है या फिर इसके अस्तित्व पर ही दोबारा विचार होना चाहिए।

### रेरा ऑफिस शिमला से धर्मशाला शिफ्ट होगा

यह पूरा मामला हिमाचल प्रदेश सरकार के उस नोटिफिकेशन से जुड़ा था, जिसमें रेरा ऑफिस को शिमला से धर्मशाला शिफ्ट करने की बात कही गई थी। हाई कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी थी। अब SC ने राज्य सरकार को ऑफिस शिफ्ट करने की अनुमति दे दी है। साथ ही कोर्ट ने निर्देश दिया कि होमबायर्स की सुविधा के लिए अपीलीय ट्रिब्यूनल को भी धर्मशाला शिफ्ट किया जाए।

**यह पहली बार नहीं है जब सुप्रीम कोर्ट ने रेरा पर सवाल उठाए हैं। सितंबर 2024 में भी जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने कहा था कि रेरा पूर्व नौकरशाहों का ठिकाना बन गया है, जिन्होंने इस एक्ट की पूरी भावना और योजना को ही विफल कर दिया है।**

# 1 लाख निवेश पर 12 हजार तक की सालाना कमाई

## आईसीएल फिनकॉर्प का एनडीपी इश्यू 1.74 गुना भरा

**मुंबई, एजेंसी**

अगर आप बेहतर रिटर्न के लिए निवेश की योजना बना रहे हैं, तो ICL फिनकॉर्प के NCD में पैसा लगा सकते हैं। 5 फरवरी को खुला यह इश्यू 18 फरवरी तक निवेश के लिए खुला है।

13 फरवरी को दोपहर 12:00 बजे तक यह इश्यू कुल 1.74 गुना सब्सक्राइब हो चुका है। इसमें निवेशकों को सालाना 12.25% तक का ब्याज ऑफर किया जा रहा है।

कंपनी ने निवेश के लिए 13, 24, 36, 60 और 72 महीने की अवधि के 10 विकल्प दिए हैं। इसमें ब्याज की दरें 10% से 12.25% के बीच हैं। निवेशक अपनी पसंद के आधार पर मंथली, सालाना या मैच्योरिटी पर ब्याज लेने का चुनाव कर सकते हैं। कम से कम 10 हजार रुपए से निवेश कर सकते हैं।

यह एक सिक्योर NCD है, यानी




कंपनी की संपत्तियों पर इसका बैकअप रहता है। लेकिन इस इश्यू को क्रिसिल ने BBB- / स्टेबल रेटिंग दी है। इसे सबसे निचली श्रेणी माना जाता है।

इसका मतलब है कि कंपनी के पास अपने वित्तीय वादों (जैसे ब्याज और मूलधन लौटाना) को पूरा करने की मध्यम स्तर की क्षमता है। रेटिंग के साथ लगा 'स्टेबल' शब्द यह बताता है कि आने वाले समय में कंपनी की वित्तीय स्थिति में किसी बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं है। ICL फिनकॉर्प पिछले 34 सालों से फाइनेंशियल सेक्टर में काम कर रही है।

तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड- 224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकिाशत लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96